Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -32 शुक्रवार ,02 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जीवन का हर पग
दिखलाता
है कि कितनी सावधानी की
आवश्यकता है।
- गेटे-

## संक्षिप्त खबरें

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

### 15 साल की मुस्लिम लड़की अपनी पसंद के लड़के से कर सकती है शादी




**रांची ,01 दिसंबर 2022(ए)।** झारखंड हाईकोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए अपने एक फैसले में कहा है कि 15 साल या इससे ज्यादा उम्र की मुस्लिम लड़कियों को अपने अभिभावकों की दखलअंदाजी के बिना अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने की आजादी है। अदालत ने अपने समुदाय की 15 साल की लड़की से शादी करने वाले एक मुस्लिम युवक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए यह बात कही।



### 10 महीने बाद बाद सपा विधायक नाहिद को जमानत

**प्रयागराज ,01 दिसंबर 2022(ए)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट से जुड़े एक मामले में जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन को सशर्त जमानत दे दी है। हसन ने जेल से चुनाव लड़ते हुए 2022 के विधानसभा चुनाव में कैराना से जीत हासिल की थी। उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज होने के बाद उन्हें चुनाव से ठीक पहले गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने उन्हें जमानत देते हुए कहा कि हसन गवाह को नहीं डराएंगे और जांच में पुलिस का सहयोग करेंगे। हसन को 15 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था और वह दो महीने से चित्रकूट जेल में बंद थे। उसके खिलाफ दर्ज 18 मामलों में से 17 में निचली अदालतों से जमानत मिल चुकी है और गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसने जमानत दे दी।

हसन के वकील इमरान उल्ला के अनुसार उन्हें अब जमानत पर रिहा किया जाएगा, क्योंकि उनके खिलाफ लंबित अन्य सभी मामलों में उन्हें जमानत मिल चुकी है।

### जंगल में तेंदुए ने बच्चे को मार डाला



**बहराइच ,01 दिसंबर 2022(ए)।** बहराइच के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में तेंदुए ने 12 वर्षीय एक बच्चे को मार डाला। उसका क्षत-विक्षत शव जंगल में मिला। बालक मेराज बीती शाम जंगल में लकड़ी लेने गया था, तभी एक तेंदुए ने उस पर हमला कर उसे मार डाला। जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन व स्थानीय लोग उसकी तलाश में जंगल गए तो उसका शव मिला। मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) आकाशदीप बधावन ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में तेंदुए के हमले की यह दूसरी घटना है।

# पहले चरण की 89 सीटों के लिए वोटिंग पूरी

**» तापी जिले में सबसे ज्यादा 72 प्रतिशत वोट पड़े**

**» गुजरात में पहले चरण का मतदान पूरा हो चुका है।**

**गांधीनगर,01 दिसंबर 2022(ए)।** गुजरात की जनता का भरोसा भाजपा पर बढ़ रहा है। इस बार भाजपा अपना ही रिकॉर्ड तोड़ कर नया रिकॉर्ड बनाएगी- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के पहले चरण का मतदान पूरा हो चुका है। कुछ सीटों पर मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है तो कुछ सीटों पर सुस्त मतदान हुआ है। दूसरे चरण की 93 सीटों के लिए मतदान 5 दिसंबर को होगा. जबकि मतगणना की प्रक्रिया आठ दिसंबर को होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम 5 बजे तक रिकॉर्ड 56.88प्रतिशत मतदान हुआ। तापी में सबसे ज्यादा 72.32 वोटिंग हुई। पहले चरण का मतदान के लिए वोटिंग सुबह 8 बजे शुरू हो गई



थी। पहले घंटे में लगभग पांच फीसदी मतदान दर्ज किया जा चुका था, जबकि सुबह 11 बजे तक 18.95 फीसदी मतदान हुआ। कई पोलिंग बूथ पर सुबह से ही मतदाताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी।

गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, पहले चरण में दक्षिण गुजरात और कच्छ-सौराष्ट्र क्षेत्र के 19 जिलों में 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। इन उम्मीदवारों में 70 महिलाएं और 339 निर्दलीय हैं। 89 सीटों में से 14 अनुसूचित जनजाति और सात दलितों के लिए आरक्षित हैं।

### मतदान में तापी जिला सबसे आगे

गुजरात के तापी जिले में सबसे ज्यादा मतदान हुआ है। दोपहर 3 बजे तक करीब 64 फीसदी मतदाता अपने वोट का इस्तेमाल कर चुके हैं। वहीं, नर्मदा में 63.95 फीसदी मतदान हुआ है। इसके बाद, डांग में 58.55 फीसदी, नवसारी में 54.79 फीसदी, मोरबी में 53.86 फीसदी और वलसाड में 53.61 फीसदी मतदान हुआ है।

### मतदान का बहिष्कार

नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा के समोत गांव के लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार किया। गांव के लोग जमीन अपने नाम नहीं होने से परेशान हैं।

# दिल्ली एम्स के बाद केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हुआ हैक

**नई दिल्ली ,01 दिसंबर-2022(ए)।** देश में साइबर अटैक का मामला थम नहीं रहा है। हाल में दिल्ली स्थित एम्स में हुए साइबर अटैक के कारण एक सप्ताह से कामकाज ठप है और सभी कार्यों को मैनुअली तरीके किया जा रहा है। इसी बीच एक और साइबर अटैक कर केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक कर लिया गया है। हैकर्स ने एक दिसंबर की सुबह केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के ट्विटर हैंडल को हैक किया है।



अब सिक्योरिटी एजेंसी और साइबर एक्सपर्ट ने हैकिंग किए जाने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। हैक होने के बाद ट्विटर अकाउंट से कई ट्विट्स किए गए जिसमें कई लोगों को भी टैग किया गया था। हालांकि कुछ समय के बाद इसे ठीक कर लिया गया है। हैकर्स ने हैक करने के बाद ट्विटर अकाउंट से ढ़ेरों ट्विट किए गए थे।

### हैकर्स ने किया कई लोगों को टैग

हैकर्स ने स्वच्छ भारत, केंद्र सराकर के कई मंत्रालयों को टैग किया था। हैकर्स ने पोस्ट किए गए ट्विट्स में कई फर्जी अकाउंट्स को भी टैग किया था। सुबह करीब आठ बजे के करीब ये ट्विट्स किए गए थे। जानकारी के मुताबिक इन ट्विट्स की संख्या लगभग 80 थी।

दिल्ली एम्स का सर्वर हुआ था हैक

हाल ही में 23 नवंबर को दिल्ली एम्स का सर्वर हैक हुआ था। ये अस्पताल काफी अहम है क्योंकि यहां राष्टपति, पीएम, मंत्रियों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों का स्वास्थ्य डेटा रहता है। साइबर क्राइम एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। इंडिया कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम , दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि रैंसमवेयर हमले की जांच कर रहे हैं। 25 नवंबर को दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस इकाई द्वारा जबरन वसूली और साइबर आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया था।



# चुनावी रैलियों में एंटी ड्रोन गन करेंगे नेताओं की सुरक्षा

**नई दिल्ली ,01 दिसंबर 2022(ए)।** चुनावी राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश में रैलियों के दौरान अति विशिष्ट लोगों की सुरक्षा के लिए एंटी ड्रोन गन तैनात किए गए हैं। इनसे चुनावी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य की सुरक्षा को लेकर कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि इससे पहले उत्तर के विधानसभा चुनाव में एंटी ड्रोन गन की तैनाती की गई थी। ये किसी भी हवाई हमले से अति विशिष्ट लोगों को बचाने में बहुत ही उपयोगी साबित हुए थे। इस बीच अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के दौरान तीन निजी ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## सुनंदा पुष्कर की मौत मामले में शशि थरूर के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका

**नई दिल्ली ,01 दिसंबर-2022(ए)।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए भारत जोडो यात्रा में जुटे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर पर लगे गंभीर आरोप ने उनकी मुसीबतें बढ़ा दी है। दरअसल दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता शशि थरूर को उनकी पत्नी सुनंदा पुष्कर की मौत के मामले में बरी किए जाने के निचली अदालत के 2021 के आदेश को चुनौती देते हुए आज दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति डी के शर्मा ने दिल्ली पुलिस के वकील से थरूर के वकील को याचिका की प्रति प्रदान करने के लिए कहा। थरूर के वकील ने दावा किया कि याचिका की प्रति उन्हें नहीं दी गई थी और यह जानबूझकर एक गलत ईमेल आईडी पर भेजी गई थी।



निचली अदालत के 18 अगस्त, 2021 के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर करने में देरी को माफ करने की पुलिस की अर्जी पर भी उच्च न्यायालय ने थरूर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि मामले से संबंधित प्रतियां और दस्तावेज पक्षकारों को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति को प्रदान नहीं किए जाएंगे। उच्च न्यायालय ने इस मामले को सुनवाई के लिये सात फरवरी 2023 को सूचीबद्ध किया है।

## सर्च ऑपरेशन के दौरान जवान पहुंचा पाकिस्तान,रेंजर्स ने छोड़ा

**अमृतसर ,01 दिसंबर2022(ए)।** गुरुवार की सुबह पंजाब के अबोहर बॉर्डर में तैनात सिक्योरिटी फोर्स के जवान सर्च ऑपरेशन के दौरान जीरो लाइन पार कर पाकिस्तान पहुंच गए। बता दे की कोहरा इतना ज्यादा था की जवान को कुछ नजर नहीं आया और वे पाकिस्तान पहुंच गए।



पाकिस्तानी एरिया में पहुंचते ही जवान को पाक रेंजर्स ने अपने हिरासत में ले लिया। इसके बाद बीएसएफ अधिकारियों ने पाक रेंजर्स के साथ इमरजेंसी मीटिंग की। जिसके बाद जवान को छोड़ दिया गया है।

जानकरी के अनुसार लापता जवान बीएसएफ की 66 बटालियन से है। जैसे ही उसके बॉर्डर पार करने की सूचना मिली आला अधिकारी हरकत में आ गए।

आनन-फानन में पाकिस्तानी रेंजर्स के सीनियर अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस बात की पुष्टि कर दी कि क्चस्स्न जवान उनके कब्जे में है। पाक रेंजर्स के बीच फ्लैग मीटिंग में जवान को छोड़ने की रजामंदी बन गई। इसके बाद बीएसएफ जवान को पाक रेंजर्स ने छोड़ दिया।

## अब चेहरा ही होगा आपका बोर्डिंग पास




**नई दिल्ली ,01 दिसंबर 2022(ए)।** अगर आप दिल्ली, वाराणसी और बेंगलुरु हवाई अड्डे से फ्लाइट से सफर करते हैं तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। अब आप बगैर बोर्डिंग पास के ही हवाई यात्रा कर सकते हैं। अब आपका चेहरा ही आपके बोर्डिंग पास होगा। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज इसके लिए डिजियात्रा कार्यक्रम की शुरुआत की।

डिजियात्रा के साथ ही हवाई अड्डों में चेक-इन पेपरलेस होगा। चेहरे की पहचान तकनीक के आधार पर यात्री इन हवाईअड्डों से यात्रा कर सकेंगे। डिजीयात्रा की शुरुआत गुरुवार को दिल्ली के अलावा बेंगलुरु और वाराणसी एयरपोर्ट पर की जा रही है। किसी भी एयरलाइन से यात्रा कर रहे सभी घरेलू यात्री डिजीयात्रा ऐप डाउनलोड कर यात्रा कर सकेंगे। इसके जरिए यात्री एयरपोर्ट में एंट्री ले सकते हैं। गेट पर उन्हें किसी सुरक्षा जांच से नहीं गुजरना होगा।

### पहले चरण में शामिल होंगे ये एयरपोर्ट

पहले चरण में यह सुविधा सात एयरपोर्ट पर लॉन्च की जा रही है। दिल्ली, बेंगलुरु और वाराणसी। इसके बाद मार्च 2023 तक इसे हैदराबाद, कोलकाता, पुणे और विजयवाड़ा हवाई अड्डों पर शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद इस तकनीक पूरे देश में लागू किया जाएगा। फिलहाल यह डोमेस्टिक फ्लाइट के यात्रियों के लिए लॉन्च किया जा रहा है।

## दूल्हे ने किया दुल्हन को किस,तो दुल्हन ने किया शादी से इनकार

**संभल ,01 दिसंबर2022(ए)।** शादी समारोह के दौरान दुल्हे ने अपनी दुल्हन को 'किस' किया तो दुल्हन ने शादी से ही इनकार कर दिया। करीब 300 मेहमानों के सामने मंच पर दुल्हे के किस करने से नाराज दुल्हन ने शादी तोड़ दी।

बीती रात वरमाला के आदान-प्रदान के ठीक बाद दूल्हे ने उसे दुल्हन को किस कर लिया। इससे नाराज दुल्हन तुरंत मंच से चली गई और बाद में पुलिस को फोन किया।

23 वर्षीय स्नातक दुल्हन ने कहा कि दूल्हे ने अपने दोस्तों के साथ शर्त जीतने के लिए उसे किस किया और अब वह अपने चरित्र के बारे में संदिग्ध है।

दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया जहां



दुल्हन ने आरोप लगाया कि दूल्हे ने उसे गलत तरीके से छुआ लेकिन शुरुआत में उसने इसे नजरअंदाज कर दिया।

उसने आरोप लगाया, जब उसने मुझे किस किया, तो मैंने अपमानित महसूस किया। उसने मेरे स्वाभिमान की परवाह नहीं की और कई मेहमानों के सामने दुर्व्यवहार किया।

पुलिस ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन दुल्हन ने मना कर दिया जिसके बाद शादी टूट गई और मेहमान घर लौट आए।

दुल्हन की मां ने कहा, दूल्हे को उसके दोस्तों ने उकसाया था। हमने अपनी बेटी को मनाने की कोशिश की लेकिन उसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया।

पुलिस ने कहा कि, तकनीकी रूप से जोड़े की शादी हो चुकी है क्योंकि घटना के समय तक रस्में पूरी हो चुकी थीं। हम कुछ दिनों के इंतजार के बाद तय करेंगे कि हालात शांत हो। इसके पहले शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी में दुल्हनों ने अपनी शादियां रद्द कर दी थीं क्योंकि दूल्हे ने 'नागिन डांस' किया था।

## नशे को बढ़ावा देने वाले गानों पर रोक लगाएं एफएम चैनल,नहीं तो होगी कार्रवाई:केंद्र

**नई दिल्ली ,01 दिसंबर2022(ए)।** अब देश के एफएम रेडियो चैनलों को नशे को बढ़ावा देने वाले गाने या अन्य सामग्री चलाना महंगा पड़ेगा। केंद्र सरकार ने रेडियो चैनलों को ऐसे गाने चलाने से आगाह किया है जो शराब, ड्रग्स, गन कल्चर समेत आसामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।

एफएम रेडियो चैनलों के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी एक एडवाइजरी में सख्त निर्देश दिए हैं कि, वे ग्रांट ऑफ परमिशन एग्रीमेंट (जीओपीए) और माइग्रेशन ग्रांट ऑफ परमिशन एग्रीमेंट (एमजीओपीए) में निर्धारित नियमों और शर्तों का सख्ती से पालन करें। साथ ही निर्देश हैं कि, ऐसी किसी भी सामग्री का प्रसारण न करें जिससे नियमों का उल्लंघन हो।

दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश

एडवाइजरी में स्पष्ट कहा गया है कि



किसी भी तरह का उल्लंघन करने पर जीओपीए/एमजीओपीए में निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बता दें, मंत्रालय के सामने कुछ ऐसे मामले सामने आए, जिसमें कुछ एफएम रेडियो चैनलों द्वारा शराब, ड्रग्स, हथियार, गैंगस्टर और गन कल्चर का महिमामंडन करने वाले गाने या प्रसारण सामग्री चलाई गई।

बच्चों की मानसिकता पर पड़ता है प्रतिकूल प्रभाव

वहीं, एक अन्य मामले में पंजाब एंव हरियाणा हाई कोर्ट ने न्यायिक नोट लिया था कि शराब, ड्रग्स और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाली सामग्री बच्चों को बुरी तरह से प्रभावित करती है। साथ ही ऐसी सामग्री आकाशवाणी कार्यक्रम संहिता का उल्लंघन करती है और केंद्र को अनुमति के निलंबन और प्रसारण पर रोक लगाने के लिए प्रतिबंध लगाने का अधिकार है।

## संपादकीय

### विपक्ष से दूरी क्यों बना रहे हैं केजरीवाल?

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले दो हफ्ते में दो बार कहा है कि वे विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेंगे। उन्होंने बहुत साफ तौर पर कहा कि भाजपा को हराने के लिए समूचे विपक्ष का एकजुट होना कारगर नहीं होगा। अब सवाल है कि थोड़े समय पहले तक विपक्ष के साथ एकजुटता बनाने के प्रयास मे शामिल रहे केजरीवाल ने क्यों अचानक दूरी बना ली है? वे क्यों अकेले लड़ने और पूरे देश में भाजपा को टक्कर देने की बात कर रहे हैं? क्या आम आदमी पार्टी की स्थिति ऐसी है कि वह पूरे देश में भाजपा को हरा सके या टक्कर दे सके?

पार्टी के राजनीतिक मामलों में सक्रिय रहे जानकार नेताओं का कहना है कि केजरीवाल दूरगामी तैयारी में लगे हैं। इसके अलावा उनको गुजरात विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले कुछ और राज्यों के चुनावों से बड़ी उम्मीद है। असल में केजरीवाल को लग रहा है कि गुजरात में वे अगर चुनाव जीत कर सरकार नहीं बनाते हैं तब भी उनकी पार्टी मुख्य विपक्षी पार्टी बन रही है। यानी कांग्रेस सिमट रही है और उसकी जगह आम आदमी पार्टी का उदय हो रहा है। भाजपा के साथ सीधी टक्कर वाले राज्य गुजरात में अगर सचमुच केजरीवाल की पार्टी मुख्य विपक्ष बन जाती है तो कांग्रेस के लिए बहुत मुश्किल होगी।

केजरीवाल की पार्टी के एक जानकार नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कांग्रेस और आप दोनों की दो दो राज्यों में सरकार है। दोनों के दो दो मुख्यमंत्री हैं। गुजरात चुनाव के बाद आप एक बड़े राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी बन जाएगी। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पूरे दम से लड़ेगी। इन्हीं में से दो राज्य कांग्रेस के शासन वाले हैं। केजरीवाल का मकसद उन राज्यों में कांग्रेस को हराने का है। अगर कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं होती है तो अपने आप अरविंद केजरीवाल की हैसियत बड़ी होगी।

ध्यान रहे देश में कोई दूसरी क्षेत्रीय पार्टी ऐसी नहीं है, जिसके दो मुख्यमंत्री हों। अगर दो मुख्यमंत्रियों के साथ एक नेता विपक्ष का पद भी आप के पास होता है और अगले चुनावों में कांग्रेस उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाती है तो आम आदमी पार्टी देश की नंबर दो पार्टी होगी। विधायकों की संख्या भले कम होगी लेकिन सबको पता है कि केजरीवाल उनकी प्रचार टीम नैरेटिव बनाने में कितनी माहिर है। उनका प्रयास अपनी हैसियत बढ़ाने और कांग्रेस की घटाने पर है। अगर वे इसमें कामयाब हो गए तो विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के हिसाब से वे खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले विपक्ष का स्वाभाविक चेहरा बताएंगे। हो सकता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उनको इसका बड़ा फायदा न हो लेकिन वे कांग्रेस को रिप्लेस करने में कामयाब हो जाएंगे। ध्यान रहे भाजपा के अमित शाह जैसे बड़े नेता भी केजरीवाल को 2029 के लिए चुनौती मान रहे हैं।

# भारत डेयरी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार

देश ने 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया। यह अवसर महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दिवंगत डॉ. वर्गीज कुरियन की 101वीं जयंती को रेखांकित करता है, जिन्हें भारत की श्वेत क्रांति का सूत्रपात करने का श्रेय दिया जाता है। भारत के डेयरी क्षेत्र में विकास और उन्नति कई मायनों में, वैश्विक मानचित्र पर देश के सम्मान और प्रभाव के रेखा-चित्र का प्रतीक रहा है। श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, देश के दूध उत्पादन में 44 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गयी है और वर्ष 2020-2021 में, हमने 210 एमटी दूध का उत्पादन किया, जो दुनिया के कुल दूध उत्पादन का 23 प्रतिशत है। भारत की प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2020-21 में 427 ग्राम प्रति दिन रही, जबकि इसी अवधि के दौरान विश्व औसत 394 ग्राम प्रति दिन था।

भारत में डेयरी क्षेत्र बड़े पैमाने पर सहकारी संरचना के तहत संगठित है और सहकारी समितियों ने डेयरी किसानों के मोल-भाव की ताकत बढ़ाने और अपने-अपने क्षेत्रों में दूध खरीद तथा दूध बिक्री की कीमत को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चावल और गेहूं जैसी फसलों के परिदृश्य के विपरीत, सरकार डेयरी उत्पादों की कीमतों को निर्धारित नहीं करती है और दूध की खरीद में शामिल नहीं होती है। इससे डेयरी सहकारी समितियों की स्वायत्तता को बढ़ावा मिला है और वे बाजार उन्मुख होने के लिए प्रोत्साहित हुई हैं। वास्तव में, देश की कुछ प्रमुख डेयरी सहकारी समितियों ने प्रदर्शन और लाभ, दोनों में निजी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारत की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी अमूल, देश में सहकारी प्रारूप की शक्ति और सफलता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।



अब जब हम वैश्विक महामारी से उबर रहे हैं, तो लॉकडाउन अवधि के दौरान और उसके बाद डेयरी किसानों की सहायता के लिए, सरकार और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालना उचित होगा। महामारी के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में वृद्धि जारी रही, क्योंकि इसने किसानों के अतिरिक्त दूध की खरीद की, जो अन्यथा निजी और असंगठित क्षेत्र के व्यवसायियों को बेचा जाता था। 2020-21 के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सहायता प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र की योजना-डेयरी कार्यों से जुड़े डेयरी सहकारी समिति और किसान उत्पादक संगठन (एसडीसीएफपीओ) योजना के तहत कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज में छूट घटक लॉन्च किया। इस तरह के उपायों से हमारे डेयरी उद्योग को पिछले दो वर्षों में सक्षम बने रहने में मदद मिली है।

प्रौद्योगिकी की बढ़ती क्षमता का लाभ उठाने के क्रम में, पशुधन प्रबंधन को आसान बनाने और इसकी दक्षता बढ़ाने के लिए ई-गोपाला नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पशु आधार, पशु पोषण, संजातीय-पशु चिकित्सा दवाएं (ईवीएम), पशु प्रजनन संबंधी सेवाओं और सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, ई-गोपाला ऐप डेयरी पशुओं, गोजातीय वीर्य, भ्रूण आदि की खरीद और बिक्री के लिए भी एक मंच प्रदान करता है। इस कार्य के पूरक के रूप में, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा डेयरी किसानों की सहायता के लिए 'पशु मित्र' नामक एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है, जो किसानों को पशुओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी प्रश्नों का विशेषज्ञों द्वारा सीधे जवाब प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा।

यह देखते हुए कि वर्ष 2025 तक भारत का दूध उत्पादन 270 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) तक पहुंच जाने की उम्मीद है, व्यापारिक निगमों को प्रसंस्करण से जुड़ी सुविधाओं में निवेश करने की जरूरत होगी और यह डेयरी क्षेत्र के भीतर 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की क्षमता प्रदान करता है। डेयरी क्षेत्र में मोटे तौर पर बुनियादी ढांचे में पैमाने की दृष्टि से 120-130 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की कमी है। यह कमी अगले 9-12 वर्षों में निवेश पर 17-20 प्रतिशत के अपेक्षित लाभ के साथ लगभग 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की संभावनाएं खोलती है। निर्यात बाजार में हमारी बढ़ती उपस्थिति डेयरी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का एक और प्रेरक है। उदाहरण के लिए, एचएस कोड 0406 के तहत भारत का पनीर निर्यात 2015-2020 की अवधि के दौरान 16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। जिन प्रमुख देशों को पनीर का निर्यात किया गया उनमें संयुक्त अरब अमीरात, भूटान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल थे। वर्तमान में दुनिया भर में 75 से अधिक ऐसे देश हैं जहां दूध की कमी है। इनमें से अधिकांश देश एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका के हैं। यह भारत के लिए नए बाजारों में पैठ बनाने का एक बढ़िया अवसर प्रदान करता है। इसके लिए, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन जैसी हालिया पहल पता लगाने की क्षमता (ट्रेसबिलिटी) संबंधी मानकों को बेहतर करने की दिशा में एक लंबा सफर तय करेगी और भारतीय कंपनियों को आयात करने वाले देशों द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में सक्षम बनाएगी।

डेयरी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने डेयरी निवेश त्वरक की स्थापना की है, जिसके तहत गेट्स फाउंडेशन और इन्वेस्ट इंडिया जैसी संस्थाएं निःस्वार्थ सेवाएं प्रदान करने के लिए सहयोग करेंगी। इसमें समस्या समाधान, निवेश सुविधा, निर्यात रणनीति में सहायता, बाजार अनुसंधान, स्थान मूल्यांकन आदि जैसे पहलू शामिल होंगे। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि डेयरी क्षेत्र ने फसलें खराब हो जाने की स्थिति में पारंपरिक किसानों को आय का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान किया है। वर्तमान सरकार के प्रयास डेयरी उद्योग को असंगठित से संगठित क्षेत्र में बदलने पर केंद्रित हैं, जिसका अंतिम लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि करना और मूल्य श्रृंखला में रोजगार का सृजन करना है। पशुपालन अवसंरचना विकास कोष, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन ग्रैंड स्टार्ट-अप चैलेंज, और पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड सुविधाओं के विस्तार जैसी हालिया योजनाओं से हमारे डेयरी क्षेत्र में बेहतर मानकों और नवाचारों की शुरुआत होगी। इस प्रकार, डॉ. कुरियन की 101वीं जयंती के अवसर पर हमें यह विश्वास है कि भारत आने वाले समय में डेयरी उत्पादों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

-पुरषोत्तम रुपाला-

# तो इसलिए ममता हुई मुलायम...

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी कब क्या करेंगी; यह कहना बेहद मुश्किल है।

कहा जाता है कि राजनीति में कभी कुछ स्थिर नहीं होता, लेकिन इस मामले में ममता भी कुछ भिन्न नहीं हैं। ममता की स्थिरता व अस्थिरता पर भी कुछ कहना बेहद मुश्किल है। इसका ताजा उदाहरण नवम्बर के मध्य में तब देखने को मिला जब तृणमूल विधायक और राज्य के कारा मंत्री अखिल गिरि द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी पर ममता को सार्वजनिक रूप से माफी मांग कर सब को चौंका दिया था और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दिसम्बर की पांच तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक को लेकर चर्चा में हैं।

अपने स्वभाव के विपरीत ममता ने माफी मांगी यह तो बड़ी बात है ही, इससे भी बड़ी और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आखिरी ऐसी क्या नौबत आन पड़ी कि तृणमूल मुखिया को माफी मांगनी पड़ी? ठीक इसी तरह यह बात भी गले नहीं उतर रही है कि सातों दिन और चौबीसों घंटा प्रधानमंत्री को कोसने वाली ममता अब अगले महीने के शुरुआती दिनों में मोदी से होने वाली प्रस्तावित बैठक को लेकर क्यों लालायित दिख रही हैं? राजनीति के पंडित इस बात को लेकर माथापच्ची कर रहे हैं कि क्या सही में ममता का हृदय परिवर्तन हो गया है या फिर ममता का यूं कोण बदलता बस उनकी राजनीति मजबूरी भर है।

ममता अपनी ही सरकार के कारा मंत्री अखिल गिरि द्वारा महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर जो बयान दिया उससे न केवल गिरि की मानसिकता जाहिर हुई, बल्कि मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए ममता को माफी तक मांगने तक को मजबूर किया। एक नेता या मंत्री कुछ आपत्तिजनक बोल दे, तो पार्टी उस बयान को निजी बताते हुए पल्ला झाड़ लेती है, लेकिन उसी पार्टी की मुखिया राजनीतिक हानि-लाभ के मद्देनजर डैमेज कंट्रोल में जुट जाती है। गिरि के राष्ट्रपति पर दिए बयान के बाद भाजपा लगातार तृणमूल कांग्रेस पर हमलावर है और ममता बनर्जी को आदिवासी विरोधी करार दे रही है। भाजपा के इस आरोप को गलत करार देने के लिए ममता बीते पखवाड़े न केवल हवाई मार्ग से आदिवासियों के गढ़ बेलपहाड़ी पहुंची, बल्कि खुद को आदिवासियों का रहनुमा तक बताया। राजनीति के जानकारों का मत है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर तृणमूल के कारा मंत्री द्वारा बिना सोचे-समझे की गई टिप्पणी बंगाल में पर्याप्त आदिवासी आबादी को भाजपा की ओर बढ़ने से रोकने के लिए तृणमूल कांग्रेस की कोशिशों के सामने एक खतरे की तरह दिख रही है।

ममता ने बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर जाकर यह बताने और जताने का प्रयास किया कि उनके मंत्री भले ही कुछ भी बोलें, लेकिन वे खुद निजी तौर पर आदिवासी समुदाय और आदिवासियों के साथ है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि पंचायत चुनाव से पहले आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती के बहाने ममता बेलपहाड़ी गई थीं और इससे ठीक एक दिन पहले महामहिम मुर्मू से माफी मांगी। ममता की इस माफी में जरूरत और ग्लानि कम जबकि मजबूरी अधिक नजर आई, जिसके पीछे का मुख्य कारण है सूबे का आदिवासी वोट। आदिवासी समुदाय से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं।

ऐसे में उनके ऊपर की गई नकारात्मक टिप्पणी आदिवासी समुदाय को किस कदर नागवार गुजर सकती है, इसका अंदाजा शायद ममता बनर्जी को है। यही वजह है कि उन्होंने अपने मंत्री अखिल गिरि की टिप्पणी पर माफी मांग मामले को रफा-दफा करना ही उचित समझा। अनुमान के मुताबिक सूबे में आदिवासी समुदाय 7 से 8 फीसद है। जंगलमहल के आदिवासी क्षेत्र की चार विधानसभाओं-बांकुड़ा, पुरूलिया, झाड़ग्राम और पश्चिमी मेदिनीपुर-सीट पर आदिवासियों का मत निर्णायक होता है। इसके अलावा उत्तर बंगाल के दार्जीलिंग, कलिमपोंग, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, उत्तर व दक्षिण दिनाजपुर और मालदा में आदिवासियों की संख्या 25 फीसद तक है। 2019 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने यहां की 22 में से 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। तब उसे आदिवासी समुदाय का बड़ा समर्थन मिला था। भाजपा ने जंगलमहल की सभी और उत्तर बंगाल की 6 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि 2021 के विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल वापसी करने में सफल रही।

मालूम हो कि ममता बनर्जी राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में द्रौपदी मुर्मू का नाम आने के बाद से ही खासी सतर्क हैं। ध्यान रहे कि राज्य में अगले साल पंचायत चुनाव होने वाले है और गिरि का बयान कहीं तृणमूल का नुकसान न कर दे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ममता आदिवासियों की साधने में जुटी है। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लगातार जहर उगलने वाली ममता अब मोदी से संबंध सुधारने को तत्पर नजर आ रही हैं। विभिन्न घोटालों में तृणमूल के नेतागणों से केंद्रीय जांच एजंसियां (सीबीआई व ईडी) पूछताछ कर रही है और कई नेता जेल में बंद हैं। ऐसे में ममता-मोदी मुलाकात का रहस्य क्या है और ममता किस मकसद से मोदी से भेंट करना चाह रही हैं, यह कहना फिलहाल मुश्किल है। कहने को तो ममता राज्य की बकाया धनराशि को लेकर प्रधानमंत्री से मिलने वाली हैं, लेकिन निश्चित तौर पर इस बदलाव के निहितार्थ तो हैं।

-शंकर जालान-

## सोशल मीडिया एक व्यसन

आजकल किसी का भी हो सोशल मीडिया के बगैर पत्ता नहीं हिलता क्या किया? कहाँ गये? कब खाया? कब सोये? हर एक बात सोशल मिडिया पर स्टोरी हो या स्टेटस डालकर शेयर की जाती यहाँ तक युवा पीढ़ी तो पूछो हि मत अपने पढ़ने लिखने उम्र में कुछ करियर करने की बजह सारा दिन भर सिर्फ मोबाईल पर टाइमपास किया जाता है जहाँ चार लोग ज़ब गप्पे मार रहे होते है तभी मोबाईल देखा जाता है सामने वाला क्या बात करता है उसपर ध्यान नहीं होता ऑनलाइन बाते की जाती है सोशल मिडिया उस करना भी काफ़ी खतरनाक साबित हो सकता है फेसबुक हो या इस्टाग्राम कितना भी दूर हो कोई इंसान उसे बात की जा सकति है लड़कियों को और महिलाओ बहोत की सावधनता बरतनी चाइये किसी अनजान इंसान के मेसेज का रिप्लाय न करें किसी अजनबी पर भरोसा नहीं करना चाहिए लेकिन अक्सर ऐसा होता नहीं है अपने रिश्तेदारों से ज्यादा अनजान व्यक्तियों को अपनी जिंदगी के बारे में काफ़ी कुछ पता होता है और इसी बात का फायदा वह लोग उठाते है ब्लॉकमेल करते है इससे कई लड़कियों को अपनी जान तक गवानी पड़ती है ट्रैफ़िक पर सिंगल आया की नहीं उतने समय में भी लोग मोबाईल निकाल कर मेसेज चेक करने लगने जाते है खाना बनाते वक्त महिलाये लड़किया मोबाईल देखती है चाये उधर सब्जी जल क्यों न जाये आज इस सोशल मिडिया की वजेसे कई घर टूटे है सोशल उस करते हो तो पती पत्नी में विश्वास भी होना जरुरी माँ बाप का भी फ़र्ज है की अपने बेटा हो या बेटी मोबाईल देखना चेक करना चाइये पूछना चाइये अपनी बेटी से किसका फोन है इतनी देर किससे बात कर रही है वैगेरा और लड़को को भी यही बात की पावन्दी लगानी चाइये एक दोस्त की तरह अपने बच्चों को समजाना चाइये ना की डाट कर मोबाईल का जितना हो सके कम से कम उस करें.....



**कु. कविता चव्हाण,**
जलगांव, महाराष्ट्र

## मोर गाँव के सुग्घर चिन्हारी हे



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायन
छत्तीसगढ़

मोर गाँव के सुग्घर चिन्हारी हे
जिहाँ हरियर बखरी -बारी हे।
मोर गाँव म नदिया-कछारी हे
जिहाँ धनहा डोली खेत-खारी हे।
मोर गाँव म नरवा भाठा -भर्री हे
जिहाँ तरिया-ढोड़गा के डबरी हे।
मोर गाँव धरसा माटी पैडगरी हे
जिहाँ गउ-गउठान फुलवारी हे।
मोर गाँव म संगी- संगवारी हे
जेमन के प्रीत अब्बड़ भारी हे।
मोर गाँव दया-धरम के द्वारी हे
जिहाँ गरीब-गुर्बा के पुछारी हे।
मोर गाँव के जमो लाग-मानी हे
जिहाँ पिरीत के मित-मितानी हे।
मोर गाँव म सुनता के सियानी हे
जिहाँ नीति- न्याय के बिहानी हे।

## दिल को आराम मिलता है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

तेरी बातों से ही
दिल को आराम मिलता है
तेरे संग-संग जीने का
नया पैगाम मिलता है
तुम मानो या ना मानों ,
मगर हमको पता है
हैसियत देखकर ही
जँहा में प्यार मिलता है
दर्द भी मिलता है
जँहा पर प्यार मिलता है
दर्द की कसौटीयों पर
नया संसार मिलता है
जमाना कुछ भी कह ले
मगर सच तो यही है
जहाँ विस्वास हो
वही सच्चा प्यार मिलता है
हर दिन नई सुबह
और नया शाम मिलता है
जीवन मे खुशियाँ का
सदा पैगाम मिलता है
जहाँ प्यार बसा हो,
सबके मन मे एक दूजे से
उसी घर मे खुशियों का
नव संसार मिलता है
साँसो का क्या है
वो तो ज़िन्दगी पर उधारी है
ये जीवन भी तो
पिछले कर्मो की जिम्मेदारी है
कंही चैन तो कंही
सुकून की चाहत है जिंदगी
सुकूने अहसास से
दिल को आराम मिलता है
धुप-छाँव के जैसे
पल-पल बदलती जिंदगी
समय बचा है कितना अब तो कर
ले बंदगी
खुशियाँ तो जीवन मे
एक पल का मेहमान
संतोष हो जहाँ,
खुशीयों का खदान मिलता है

## बालकहानी

### सोना समझ गयी



मैं बहुत थक गयी हूँ। अब एक कदम भी नहीं चला जाता है मुझसे। सुबह से शाम तक बस; सिर्फ काम ही काम। सुनिए जी, आज मैं घर पर ही रहूँगी। आप जाइये काम पर। नन्हीं चींटी सोना ने अपने पति डंबू से कहा।

डंबू ने सोना को चिढ़ाते हुए कहा - ओह ! तो आज मेरी सोना थक गई है। आराम फरमाएगी। अच्छा...! डंबू की बात से सोना तमतमा गयी। कहने लगी- मैं आपसे ज्यादा वजनदार सामान उठाती हूँ, लेकिन आज थोड़ी थकान महसूस हो रही। डंबू ने कहा- ठीक है, आज तुम आराम कर लो। कल साथ में चलेंगे। सोना ने मुस्कुराते हुए कहा- लो आप जाइए। डंबू काम पर चला गया।

दिन भर डंबू काम करता रहा। शाम को घर वापस आया। खाने का कुछ सामान ले आया था। घर के अंदर रखा। सोना से कहा - सोना ! तुम्हारी तबीयत कैसी है ?

सोना सेब के टुकड़े को चबाते हुए मजे से बोली- मैं बिल्कुल अच्छी हूँ। भली चंगी हूँ।

सोना घर में रहने का बहुत आनंद ले रही थी। डंबू को बात समझ आ गयी। उस समय उसने कुछ नहीं कहा। अगले दिन सुबह डंबू ने सोना से भोजन की व्यवस्था के लिए अपने साथ चलने की बात कही। सोना फिर बहाना मारने लगी। लेकिन डंबू अच्छी तरह समझ गया। सोना को समझाते हुए कहा- देखो सोना, मुझे पता है कि तुम काम पर नहीं जाना नहीं चाहती। क्यों कर रही हो ऐसा ?

डंबू का मुँह ताकती हुई सोना उसकी बातें सुन रही थी- हम चींटी हैं। हम घर पर बैठ कर आराम नहीं कर सकते। बहाना तो इंसान बनाते हैं; हम चींटियाँ नहीं। जब तक मेहनत नहीं करेंगे, भला हमें भोजन कैसे और कहाँ से मिलेगा ? तभी बीच में ही सोना का कहना हुआ - हाँ, तुम सही कह रहे हो। जीवन में मेहनत जरूरी है।

डंबू बोला - हाँ बिल्कुल। अब सर्दी का मौसम आ रहा है। भोजन ढूँढना मुश्किल होगा। इस बात को समझो। चीटियाँ कभी हार नहीं मानतीं। जब कोई इंसान कमजोर पड़ने लगता है तो हम से ही मेहनत करने की सीख लेता है कि एक छोटा सा जीव जब हार नहीं मानता है तो हम क्यों हार माने। इंसानों को हमारी मेहनत ,एकता और साहस ही मजबूत बनाता है। धरती में सबसे ज्यादा मेहनतकश प्राणी के रूप हमारी गिनती होती है। तुम ऐसे कमजोर नहीं पड़ सकती। सोना को डंबू की बातें समझ में आ गयी। उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। फिर डंबू और सोना दोनों भोजन की तलाश में निकल पड़े।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

# गीता जयंती पर विशेष

भारतवर्ष का सबसे महान और श्रीकृष्ण के स्वमुख से कहा गया ग्रंथ है श्रीमद्भागवत गीता। हर वर्ष मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन गीता जयंती पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस विशेष दिन पर भगवान श्री कृष्ण के साथ श्रीमद्भागवत गीता की भी पूजा की जाती है। क्योंकि भगवत गीता को जीवन का दर्पण माना जाता है। गीता में राजनीतिक, आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक, व्यावहारिक और दार्शनिक मूल्य शामिल हैं। इस प्रकार, यह माना जाता है कि इस पवित्र दिन पर, कुरुक्षेत्र की लड़ाई के दौरान भगवान कृष्ण ने अर्जुन को अपनी दार्शनिक शिक्षा दी थी।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।

अर्थात, कर्म पर ही तुम्हारा अधिकार है, कर्म के फलों में कभी नहीं... इसलिए कर्म को फल के लिए मत करो।

श्रीमद्भागवत गीता के हर श्लोक में ज़िंदगी का फ़लसफ़ा छुपा है, अगर गीता का अनुसरण करते जिएँगे तो जीवन सहज लगेगा।

अपेक्षाओं का दायरा हंमेशा छोटा रखिए, अपेक्षाएँ हटते ही दुनिया अपरिचित और अन्जान लगेगी और अन्जानों से कैसी अपेक्षा? जहाँ अपेक्षा ख़त्म हो जाती है सुकून की शुरुआत जीवन में वहीं से होती है। बेशक हर इंसान के मन में अपेक्षाएँ रहती है, जब व्यक्ति की अपेक्षाएँ पूर्ण हो जाती है तब ज़ाहिर सी बात है खुशी मिलती है। लेकिन जब अपेक्षा के बदले उपेक्षा मिलती है तो इंसान अंदर से टूट जाता है। यदि किसीके लिए कुछ अच्छा करने के बाद मन में ये लालच उत्पन्न होती है कि हाँ मैंने तो इनके लिए कितना कुछ किया, उसको भी मेरे लिए ये करना चाहिए, वो करना चाहिए वो मानसिकता गलत है। जब आपकी अच्छाईयों का प्रतिभाव नहीं मिलता तब मन खिन्न हो जाता है, सामने वाला पराया बन जाता है। इसीलिए नेकी कर दरिया में ड़ाल कथन को अपनाना चाहिए।

कर्माधारित गीता के अनुसार जो कर्म निष्काम भाव से ईश्वर के लिए किए जाते हैं वे बंधन उत्पन्न नहीं करते। वे मोक्षरूप परमपद की प्राप्ति में सहायक होते हैं। इस प्रकार कर्मफल तथा आसक्ति से रहित होकर ईश्वर के लिए कर्म करना वास्तविक रूप से कर्मयोग है और इसका अनुसरण करने से मनुष्य को अभ्युदय तथा निश्रेयस की प्राप्ति होती है। हमारे कर्मों का हिसाब जहाँ होना चाहिए वहाँ अचूक होता है, और उसका फल भी मिलता है। आज हर रिश्ता स्वार्थ की क्षितिज पर खड़ा है। जब तक आप किसीको देते रहेंगे आप सर्वश्रेष्ठ है, जैसे ही किसी दिन ना बोल दिया आप दुश्मन की श्रेणी में खड़े कर दिए जाओगे।

कर्तव्य और फ़र्ज़ निभाने की पहली शर्त है निस्वार्थ कर्म करते जाओ, अपने हिस्से की धूप से किसी ओर का आशियाँ रोशन करते जाओ आपके घर की दीवारें हंमेशा झिलमिलाएगी। नेकी के पेड़ पर मीठा फल ही उगता है। श्री कृष्ण का वचन है। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण सुदामा है।



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलूरु,कर्नाटक

# शिष्टाचारःबने लोकप्रिय बने सर्वप्रिय

यहां हर कोई चाहता है कि वह सबका प्रिय पात्र बना रहे, सभी उसकी बात माने। आपके मन में भी यह ख्याल आते होंगे कि इसमें कोई मुश्किल बात नहीं है जरूरत है तो बस शिष्टाचार के कुछ नियम को अपनाने की। यदि आप सबके सर्वप्रिय बनना चाहते हैं तो अपने व्यवहार को मृदुल बनाए। आप जब किसी पुराने दुकानदार के पास जाते हैं जिनसे आप हमेशा से राशन लेते आए हैं और वह दुकानदार आपसे कहे कि ÷आपको जो खरीदना है आदरणीया आप आराम से खरीद लीजिए और यदि आपको कोई चीज पसंद नहीं आ रही है तो आप हमारा फोन नंबर ले लीजिए फिर घर जाकर आप आराम से सोच कर हमें फोन कर दीजिएगा हम आप हो फ्री होम डिलीवरी भी दे देंगे और सारा सामान सुरक्षित आपके घर तक पहुंच जाएगा आप परेशान मत होइए÷। जब दुकानदार का इस तरह का शिष्ट व्यवहार होता है तो मन को प्रभावित करता है और सोचने पर हम भी मजबूर हो जाते हैं कि आज भी अदब से पेश आने वाले लोग मौजूद हैं। उस दुकानदार के शिष्ट व्यवहार की वजह से ही उनकी दुकान पर हर समय ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। वैसे भी शिष्ट व्यवहार हमारी पर्सनैलिटी का एक खास हिस्सा होता है आप कितने भी पढ़े-लिखे क्यों ना हो! अगर आप में शिष्टाचार नहीं है तो सब बेकार होता है। व्यक्ति का तमीज से बात करना उसका एक महत्वपूर्ण व्यवहार होता है। आपके शिष्ट आचरण की शुरुआत सबसे पहले आप के परिवार से होती हैं यदि आप शिष्टाचार का ख्याल नहीं रख सकते तो बाहर वालों से क्या अपेक्षा करेंगे? और शिष्टाचार का घर के बाहर घर के अंदर सभी जगह महत्व होता है। चाहे सामने वाला छोटा हो या बड़ा! यदि आप में शिष्टाचार है तो आप निम्न श्रेणी के लोगों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे।

यदि आप किसी का दिल नहीं दुखाते हैं किसी भी अवसर पर किसी के शारीरिक दोषों की चर्चा का विषय बनाकर उसका मजाक नहीं उड़ाते हैं तो आप शिष्टाचार ही हैं। अपने व्यवहार को मधुर बनाने की कोशिश करें आपका नम्र व्यवहार ही छोटे हो या बड़े सभी लोगों से स्नेह पूर्ण होना चाहिए। दूसरे से अच्छे व्यवहार की उम्मीद आप तभी कर सकते हैं जब आपके अंदर शिष्ट व्यवहार हो। याद रहे कि आप लोगों के बीच अपने सौंदर्य से नहीं बल्कि अपने व्यवहार से याद रखे जाते हैं। अपनी बोलचाल पर नियंत्रण रखें, किसी से ऊंची आवाज में बातें नहीं करनी चाहिए। यदि आप किसी के साथ बदतमीजी से पेश आते हैं तो आपके इस गंदे व्यवहार से आपका कोई सम्मान नहीं करेगा। अपने व्यवहार को कोमल बनाए रखें दूसरों के प्रति मन में किसी तरह की बैर भावना ना रखें। अपने मन को सदा साफ रखना चाहिए, अपनी सभ्यता का ध्यान जरूर रखें बस हो या ट्रेन हो आदि में सफर करते समय बालक, वृद्ध महिला या विकलांग को सीट पर बैठने स्थान दे देना चाहिए ताकि आप उनके सामने सर्वप्रिय बने रहे। अपने पारिवारिक सदस्यों और प्रियजनों से आदर पूर्वक बातचीत करें। किसी भी तरह के दुख दर्द में उनसे सहानुभूति से पेश आएं। जब किसी परिचित से मिले तो उनका तो दर्द जरूर सुने और उनका निवारण करें। अक्सर लोगों की आदत चुगल खोरी की होती है इस प्रकार का व्यवहार आपको निम्न स्तर का बनाता है आप अपनी इस चुगल खोरी की आदत को सुधार लीजिए और किसी की प्रकार की बुराई ना करें। यदि आपको किसी व्यक्ति से आप को घृणा है है तो चुप रहना ही आपके लिए सही होगा। चमड़ी से ज्यादा कार्य प्यारा होता है अतः घर हो या बाहर काम से जी चुराना नहीं चाहिए।

कई बार कुछ ऐसा समय भी आता है जब शिष्टाचार बेहद आवश्यक होता है जैसे यदि किसी लड़की की सगाई टूट जाती है तो उसमें दिए गए उपहार को रखना नहीं चाहिए शिष्टाचार यही है कि उपहारों को सधन्यवाद सहित कारण बताते हुए लौटा देना चाहिए। जिस उपहार को आपने इस्तेमाल करना शुरू कर दिया हो वह लौटाया तो नहीं जा सकता उसके लिए धन्यवाद का पत्र लिखकर उपहार ना लौटा पाने की क्षमा याचना करें, पर किसी लड़की की सगाई मे गलत बोलकर रिश्ते ना तोड़े, शिष्टाचार से आप संबंधों से विदा ले सकते हैं। वैसे कर्तव्य तो यही बनता है कि ऐसा कोई समय ना आए की बेटी की सगाई टूट जाए।

अक्सर कुछ लालची लोग होते हैं जिन्हें लेने की आदत होती है पर देने की आदत नहीं होती है और यदि कोई आपको पैसे धन इत्यादि देने की कोशिश करता है तो आप उसे प्रेम से इंकार करना सीखें। कोई अनजान व्यक्ति द्वारा रास्ता या पता पूछने पर उल्टा सीधा कहने की बजाय मर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए उसका सही मार्गदर्शन करना चाहिए। किसी से टकराने या गिरने पर किसी के सामने खांसने छींकने पर सॉरी कहना सीखें। अपने घर की पारिवारिक समस्या में बुजुर्गों मित्रों व रिश्तेदारों से सलाह अवश्य जरूर ले और उनके साथ सुख के पल भी बिताएं। अपनी गलती को स्वीकार करने में ही भलाई होनी चाहिए। कोई भी वस्तु लेते समय धन्यवाद और किसी वस्तु को मांगते समय प्लीज शब्द का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। दूसरों की गलतियों को प्रोत्साहित करें और उनका उचित मार्गदर्शन करें। किसी पर क्रोधित होने की बजाए शिष्टाचार का व्यवहार अपनाएं, क्योंकि क्रोध में आकर कोई भी गलत कदम उठने पर बाद में आपको ही तकलीफ होगी। किसी की अवहेलना नहीं करनी चाहिए उनकी प्रशंसा में दो शब्द बोल कर उनका संबल बढ़ाना चाहिए। यह जरूर याद रखें यदि आप तारीफ पाना चाहते हैं तो दूसरों की तारीफ करना भी सीखें। यदि आप किसी परिचित से मिलने उनके घर जाते हैं तो उन्हें मुस्कुराकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए आत्मीयता से पेश आए। बातचीत करते समय यदि आप से कोई भूल हो जाती है गलती हो जाती है तो विनम्र भाव से माफी मांग कर अपने शिष्ट आचरण का परिचय दीजिए। दूसरों की भावनाओं को समझें और उनकी कद्र करें। ऐसी बातें ना करें जिससे दूसरों की भावनाओं को चोट पहुंचे। किसी के तर्कों पर एकदम से ऐतराज करके उसकी आलोचना ना करें बल्कि उसकी दलीलों को ध्यान से सुने और अपने विचारों को उनके सामने रखें, लेकिन आपकी वाणी में शालीनता और सौम्यता जरूर होनी चाहिए।



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर
उत्तरप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# मुख्यमंत्री गरीबों को आवास नहीं देना चाहते यह विषय गांव-गांव तथा घर-घर आन्दोलन के रूप में पहुंचना चाहिए : ज्योति नन्द दुबे

## पार्टी के सभी बड़े नेताओं को चुनाव तक एक-एक शक्ति केन्द्र की दी जाएगी जवाबदारी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।





भारतीय जनता पार्टी जिला सरगुजा की जिला कार्यसमिति कि बैठक भाजपा जिला संगठन प्रभारी जयोति नन्द दुबे के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता में लखनपुर कुंवरपुर बांध परिसर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला संगठन प्रभारी ज्योति नन्द दुबे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री गरीबों को आवास नहीं देना चाहते यह विषय गांव-गांव तथा घर-घर आन्दोलन के रूप में पहुचना चाहिए। हर पंचायत में जब प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने के मुद्दे पर आन्दोलन खड़ा होगा तभी हम चुनाव में सफलता हांसिल कर पाएंगे। हमें कांग्रेस सरकार तथा कांग्रेसी जन प्रतिनिधियों के खिलाफ इस विषय पर मुखर होकर गांव गांव में जाकर बोलना पड़ेगा। आगे उन्होंने संगठनात्मक विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी के सभी बड़े नेताओं व पदाधिकारियों को चुनाव तक एक-एक शक्ति केन्द्र की जवाबदारी दी जायेगी। शक्ति केन्द्र के प्रत्येक बूथ में पार्टी की गतिविधियों को संचालित करना तथा चुनाव में लीड दिलाना उनकी जवाबदारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, धान खरीदी की समस्या तथा सड़कों की बदहाली सहित अन्य मुददों को लेकर पद यात्रा का कार्यक्रम आगामी महीनो में किया जाना है। पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता अपना अधिक से अधिक समय संगठन की गतिविधियों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में लगाए ताकि आने वाले चुनावी वर्ष में हम कमर कस कर चुनौतियों के लिए तैयार हो पाए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने कहा कि युवा, महिला तथा आदिवासियों के ज्वलन्त मुददों पर प्रदर्शन पर हितग्राहियों के मुद्दे को लेकर अब पार्टी ने प्रदर्शन व आन्दोलन कार्यक्रम तय किए हैं। अब प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य हितग्राहियों को पार्टी के साथ जोडने़ का ये अच्छा अवसर है। इस अवसर पर पूर्व सांसद कमल भान सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व विधायक विजय नाथ सिंह, लुण्ड्रा विधानसभा प्रभारी शिवनाथ यादव, अम्बिकापुर विधानसभा प्रभारी रामकृपाल साहू, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फुलेश्वरी पैकरा तथा लखनपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा देवनाथ पैंकरा ने किया। आभार प्रदर्शन लखनपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू ने किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष मंजूषा भगत, मधु चौदहा, राधे श्याम ठाकुर, रोशन गुप्ता विजय व्यापारी, विकास पाण्डेय, मुनेश राजवाड़े, आलोक दुबे, सन्तोष दास, रुपेश दुबे, मनोज गुप्ता, मधुसुदन शुक्ला, राजेन्द्र जायसवाल, दिनेश गुप्ता, रमेश जायसवाल, विद्यानन्द मिश्रा, राज बहादुर शास्त्री, बलराम जायसवाल, जमुना यादव, जन्मजय मिश्रा, सोमनाथ सिंह, मनोज कंसारी, राम प्रवेश पाण्डेय, वैभव सिंह, अनिल सिंह, श्रवण दास, राम केशवर राजवाड़े, बालनाथ यादव, बृजकिशोर पाण्डेय, सोनू तिग्गा, उमा पाण्डेय, अनामिका पैकरा, ज्योति चौबे, नकुल सोनकर, अजय प्रताप सिंह, कैलाश मिश्रा, संजू सेठ सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय ड्रॉप रोबॉल चैम्पियनशिप में सरगुजा के खिलाडि़यों ने प्रदेश के टीम के लिए किया अच्छा प्रदर्शन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



ड्रॉप रोबॉल एसोसिएशन ऑफ सरगुजा के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 13वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रॉप रोबॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता हरिद्वार उत्तराखंड में शानदार प्रदर्शन किया और गोल्ड मेडल जीता।

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश ड्रॉप रोबॉल टीम में सरगुजा जिला से बालिका वर्ग में प्रियंका पैंकरा, सजना रावत, सोनल प्रिया लकड़ा, श्रेया उपाध्याय एवं बालक वर्ग में ऋषभ मिंज, विक्की मालेकर, करन यादव शामिल थे। जिसमें प्रियंका पैंकरा व संजना रावत ने स्वर्ण पदक और सोनल प्रिया लकड़ा कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ प्रदेश का मान बढ़ाया। सभी खिलाडि़यों को ड्रॉप रोबॉल एसोसिएशन आफ सरगुजा के अध्यक्ष सोमनाथ सिंह एवं काशी केसरी, रजत सिंह, अजय सिंह, विनीता सिंह, नंद किशोर ताम्रकार, सौरभ कुमार ड्क्षसह व कोच राजेश प्रताप ड्क्षसह ने बधाई दी है।

## बेटी ने लगाया पिता के हत्या का आरोप, 2 माह बाद पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर कराया पोस्टमार्टम

- संवाददाता -
उदयपुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



थाना क्षेत्र के ग्राम खरसूरा में बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों सहित सैकड़ों ग्रामीणों का भीड़ जमा रहा। मामला गंभीर था एक बेटी ने बड़े पिता पर अपने बाप की हत्या का आरोप लगाया तो पूरा प्रशासनिक अमला गांव पहुंच कर मामले की जांच में जुट गया है। उदयपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम लब्जी की विवाहित महिला ने दो दिन पूर्व एस पी ऑफिस अंबिकापुर ज्ञापन देकर आरोप लगाया है कि ग्राम खरसूरा थाना उदयपुर निवासी उसके पिताजी जय नंदन कंवर उम्र लगभग 50 वर्ष की दो माह पूर्व हुई मौत स्वाभाविक नहीं है, मृतक के भाई व भतीजे द्वारा हत्या की गई है।

आवेदिका से प्राप्त आवेदन के आधार पर एसपी सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी धीरेंद्र नाथ दुबे को तत्काल इस पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया उक्त क्रम में बुधवार को शव को कब्र से निकलवाकर नायब तहसीलदार डॉ एजाज हाशमी तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट, स्थानीय नागरिकों और थाना उदयपुर सहायक उप निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक शत्रुघ्न सिंह तथा अन्य की मौजूदगी में शव का पंचनामा करवाया गया। मौके पर उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ मिलकर पोस्टमार्टम के दौरान शव से कुछ नमूने लिए है जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा कि जयनंदन कंवर की मौत स्वाभाविक थी या उसकी हत्या की गई है बहरहाल कब्र से शव को निकालकर पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद ग्राम खरसूरा में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों ने बताया कि जयनंदन कंवर की मौत 2 माह पूर्व हुई थी इसके घर वालों ने उस वक्त बताया था की जय नंदन सुबह शौच के लिए बाहर गया था। खेत की मेड़ से गिरकर इसकी मौत हो गई थी। सामाजिक रीति रिवाज से मृतक के शव को दफना दिया गया था। मृतक के परिवार में कुल पांच भाई थे मृतक चौथे नंबर का भाई था। इन लोगों के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद था। मृतक जयनंद्न की बेटी शिमला द्वारा अपने पिता की हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद बुधवार को देर शाम तक पुलिस कार्यवाही में जुटी रही।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव में होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज का परचम,जीते 8 पुरस्कार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।




जिला स्तरीय, युवा महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण, सरगुजा द्वारा राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता की भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य विधा में होली क्रॉस वीमेन्स, कॉलेज से दीपिका तिर्की ने प्रथम पुरस्कार, ओड़िशा शास्त्रीय नृत्य विधा में ऐश्वर्या गुप्ता ने प्रथम पुरस्कार, सुआ नृत्य विधा में आरती खुंटिया व साथियों ने प्रथम पुरस्कार, पारंपारिक वेशभूषा विधा में अनुजा कुजूर ने प्रथम पुरस्कार, छत्तीसगढ़ व्यंजनों के आधार पर प्रतियोगिता (फूड फेस्टिवल विधा) में मानसी चौरसिया ने द्वितीय, वाद-विवाद विधा प्रतियोगिता में खुशबू गुप्ता ने प्रथम पुरुस्कार, चित्रकला विधा प्रतियोगिता में चंचल गोयल ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। साथ ही महाविद्यालय महिला कबड्डी टीम ने द्वितीय पुरस्कार जीतकरपरचम लहराया। विदित हो इस युवा उत्सव में कुल आठ पुरस्कार हॉली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज अंबिकापुर ने अर्जित किया। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों व छात्राओं ने इस पर हर्ष जताया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ ने समस्त प्रतिभागियों व शिक्षकों को बधाई देते हुए निरंतर जीवन पथ पर आगे बढने़ के लिए प्रोत्साहित किया। खेल एवं युवा कल्याण, सरगुजा के निदेशानुसार महाविद्यालय से उक्त प्रतियोगिता में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर ,महाविद्यालय अंबिकापुर, सरगुजा में डॉ. कल्पना गुहा , डॉ. तृप्ति पांडेय, डॉ. ममता अवस्थी, डॉ. नीना गुप्ता, डॉ. मृदुला सिंह, दिव्या सिंह व चंदा यादव निर्णायक की भूमिका में तथा महाविद्यालय से इन प्रतियोगिताओं में प्रभारी शिक्षक के रूप में सिस्टर दिव्या गुलाब मिंज, रितु दास, गमिता एवं राजेश कुमार नायक उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स में चोरी,1 लाख 60 हजार रुपए का सामान पार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

29 नवंबर की रात को अज्ञात चेरों ने दुकान का दीवार तोड़कर लगभग 1 लाख 60 हजार का सामान पार कर दिया है। दुकान संचालक ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र निवासी गगन यादव का नमनाकला स्थित प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास अमर इंटरप्राइजेज नाम से इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान है। 29 नवंबर की रात को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। इस दौरान अज्ञात चोर ने दुकान का दीवार तोड़कर 60 बंडल वायर, दो ट्रीमर चोरी कर ले गए। 30 नवंबर को दुकान संचालक जब दुकान खोलने पहुंचा तो उसे घटना की जानकारी हुई। दुकान संचालक ने बगल के दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि एक चोर दुकान में घुस कर घटना को अंजामा दिया है। दुकान संचालक गगन यादव ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुकान संचालक ने बताया कि पिछ्ले कुछ दिनों के अंदर मेरे दुकान में यह तीसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दूसरी बार 14 अक्टूबर की रात को नकाबपोश चोर वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान उक्त दुकान में लगभग 2 लाख रुपए की चोरी हुई थी। सबसे बड़ी बात यह थी कि उस दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर ने पुलिस को चुनौती देते हुए इलेक्ट्रीक बोर्ड पर स्केच पेन से %आई लव यू, 108' लिखा था।

## स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षक एवं अभिभावक सम्मलेन सम्पन हुआ

- संवाददाता -
कुसमी, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



विकासखंड मुख्यालय से लगे हुये ग्राम सेमरा में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विद्यालय के प्राचार्य मुकेश यादव की पहल से शिक्षक एवं अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया था कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह जनपद हरीश मिश्रा विकासखण्ड शिक्षाधिकारी डी.के. यादव बालक हायरसेकंडरी स्कूल के प्राचार्य राजेन्द्र भगत भी समेलन में पहुँचे जहाँ माँ सरस्वती की छाया चित्र में पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई ,सम्मेलन में छात्र- छात्राओं के अभिभावकों ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी के साथ स्कूल में कमरे कम होने की वजह से दो शिफ्ट में स्कूल संचालित से लेकर ठंठ के समय बच्चों एवं अभिभावकों को होने परेशानी सहित अन्य समस्या अभिभावकों के द्वारा रखी गई जिसपर बीईओ एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने जल्द ही समस्या के निराकरण करने का आश्वासन अभिभावकों को दिया,क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बताया की जिले के राजपुर, रामानुजगंज,वाड्रफनगर विकासखण्ड में ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खोले जा रहे थे लेकिन कुसमी ब्लाक का नाम सुचि में नही था फिर हमारे क्षेत्र विधायक एवं संसदीय सचिव चिन्तामणी महराज को फोन से सुचना दिया गया था उस वक्त विधायक रायपुर में ही और विधायक के प्रयास से कुसमी में स्वामी आत्मानन्द स्कूल खोलने की फिर स्वीकृति मिली थी, वही कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई,कार्यक्रम का संचालन स्कूल के व्यख्याता अविनाश मिश्रा के द्वारा किया गया ,इस दौरान सेमरा ग्राम के सरपंच हरेंद्र नाथ पैकरा,सुशील दुबे,नीतीश तिर्की,पंकज दुबे,वाहिद अली,श्रवण दुबे,श्रवण गुप्ता, वेदांत भारती,दीपक तिवारी, शिक्षक शिक्षिकायें सहित अन्य जन शामिल रहे।

## महिला के गले में बने ट्यूमर का चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के ग्राम सरना निवासी 54 वर्षीय पार्वती अगरिया पिछ्ले 15 वर्षों से गले के थायराइड से पीड़ित थी। थायराइड धीरे-धीरे बड़ा हो गया और थायराइड गोले का रूप ले लिया। थायराइड बड़ा होकर लगभग 8 से 10 किलो वजन तक हो गया और गले से नीचे लटग गया था। इस कारण महिला को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। तकलिफ बढने़ पर महिला इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंची। यहां परिजन ने उसे इएनटी विभाग के डॉक्टर बीआर सिंह को दिखाया। जांच के बाद पता चला की थायराइड काफी गंभीर हो चुका है। थायराइड का थोड़ा और वजन बढने़ पर महिला की जान भी जा सकती है। डॉ. बीआर सिंह ने ऑपरेशन का निर्णय लिया और 23 नवंबर को चिकित्सकों की टीम ने महिला का ऑपरेशन कया। थायराइड गले के पास होने के कारण काफी जटील था। ऑपरेशन लगभग दो घंटे से अधिक समय तक चला और महिला के गले से लगभग 8 से 10 किलो वजनी थायराइड रूपी गोला निकाला गया। ऑपरेशन के दौरान टीम में डॉ. उषा सहायक प्राध्यापक, एनेस्थिसिया से डॉ. दीपा, डॉ. शिवानी शामिल रहे। डॉ. बीआर सिंह ने बताया कि मरीज की स्थिति अब ठीक है। उसे ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया था। स्वस्थ होने पर मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि गले का थायराइड होने के कारण ऑपरेशन काफी जटिल था। फिर भी मरीज का ऑपरेशन कर जान बचाई गई है। डॉ. बीआर ड्क्षसह ने बताया कि मरीज ग्रामीण क्षेत्र की है और काफी गरीब परिवार से है। अगर यह ऑपरेशन निजी अस्पताल में कराता तो मरीज को दो लाख से ज्यादा का खर्च उठाना पड़ता। पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पूरी तरह निश्शुल्क किया गया है।





### नहीं करा पाई थी ऑपरेशन

चिकित्सक ने बताया कि महिला को थायराइड पिछ्ले 15 वर्षों से था। महिला काफी गरीब व जागरूकता के अभाव में वह इलाज नहीं करा पाई थी। डॉ. बीआर सिंह ने बताया कि मुझे एक एनजीओ के माध्यम से महिला के बारे में पता चला था। जिसे बुलाकर ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई गई है। डॉ. बीआर सिंह ने बताया कि महिला का समय पर इलाज व ऑपरेशन नहीं होने के कारण गले का थायराइड काफी बड़ा हो चुका था। धीरे-धीरे महिला की सांस नली जाम होने लगी थी। इस कारण उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी। वहीं थायराइड का थोड़ा और वजन बढने़ पर गर्दन की हड्डी टूट सकती थी।

## जितेन्द्र व सरस्वती बने संभागीय महामंत्री व उपाध्यक्ष

संवाददाता -
अम्बिकापुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष मो. सउद अंसारी द्वारा जितेन्द्र सिन्हा को संभागीय महामंत्री एवं सरस्वती गौतम को संभागीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। जिसको डॉ. राजेश मजगावली संभागीय संरक्षक, डॉ. वाई किण्डो जिला संयोजक एवं सभी संघ के पदाधिकारी द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिसमें सुरेश सेन संभागीय महासचिव, इसरत जहां जिला अध्यक्ष सरगुजा, सुरेश गायकवाड़ संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मकसूद अहमद संभागीय उपाध्यक्ष, नवीन श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष, सुरेश एक्का संभागीय महामंत्री, नवीन कश्यप जिला उपाध्यक्ष, रज्जाक खान, सुशिल पाण्डे, जिला अध्यक्ष वाहन वालक कमल कुमार कुरोठे, संतोष भारद्वाज एवं अन्य छग कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# क्या सचमुच प्रदेश के मुखिया पुत्र हैं मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी के मित्र ?

**क्या मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी पर इसलिए विभाग की कृपा लगातार बरस रही है ?**

## मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की शहर में विशेष चर्चा,अवैध कारोबार को संरक्षण देने का लगता रहता है आरोप

- मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के 30 महीने पुरे, 31 वां रनिंग, क्या 36 पूरा होने का इंतजार ?
- प्रदेश के मुखिया पुत्र और मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी की दोस्ती की खबर है कितनी सही जानना चाहते हैं लोग
- अवैध कारोबारी भी थाना प्रभारी से इतने हैं निकट की खबर प्रकाशन पर धमकी भेजने से भी नहीं डरते









- रवि सिंह-
मनेंद्रगढ़ 1 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

एमसीबी जिले का मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना आजकल काफी सुर्खियां बटोर रहा है, सुर्खियों में रहने की वजह है यहां पदस्थ थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली, थाना प्रभारी का मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने में कार्यकाल तीन वर्ष होने जा रहा है और इन तीन वर्षों में थाना प्रभारी ने खूब ख्याति बटोरी है और इनका कार्यकाल बीते तीन वर्षों में ऐसा रहा है कि यह लगातार समाचारों की सुर्खियां बनते चले आ रहें हैं और ख्याति बटोरते आ रहे हैं। ख्याति भी ऐसी वैसी नहीं अवैध कारोबार मामले में कार्यवाही नहीं करने को लेकर इनकी ख्याति है और इनके रहते मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार जमकर फलाफूला और लगातार फलफूल भी रहा है, जिसकी जहां समाचार पत्रों में चर्चा है वहीं इसकी चर्चा शहर में भी है और कुछ इनके शुभचिंतक हैं जिन्हें छोड़कर सभी इनकी कार्यप्रणाली से अवगत हैं और इसको लेकर बात भी करते हैं।

आजकल मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी एक मामले को लेकर कुछ ज्यादा ही प्रसिद्ध हो रहें हैं और वह है प्रदेश के मुखिया पुत्र से इनकी दोस्ती की खबर, बताया जा है कि शहर में चर्चा है कि प्रदेश के मुखिया पुत्र इनके खास मित्र हैं और उन्हीं के भरोसे इनकी कुर्सी टिकी हुई है वरना इनका कार्यकाल और इनकी कार्यप्रणाली ऐसी नहीं थी कि इन्हें इतने बड़े शहर की जिम्मेदारी लगातार तीन वर्षों तक कानून व्यवस्था के नाम पर मिल सके। वैसे मुखिया पुत्र और मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की दोस्ती की खबर जो फैली हुई है उसकी पुष्टि घटती घटना तो नहीं करता है पर यह बात क्यों फैली है और किसने किस लिए फैलाई है यह वही बता सकता है जिसने फैलाई है। वैसे प्रदेश के मुखिया पुत्र का नाम एक थाना प्रभारी से जुड़ना और वह भी ऐसे थाना प्रभारी से जिसकी कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था को लेकर जिसकी आज तक कि कार्यवाहियां बिल्कुल सही नहीं रहीं हैं, कदापि सही नहीं है और यह कहीं न कहीं मुखिया सहित उनके पुत्र की छवि धूमिल करने जैसा कोई अफवाह मात्र है ऐसा कहा जा सकता है।

### मुखिया की छवि धूमिल हो रही है जो सही नहीं

बताते हैं कि अफवाह यह भी है कि मुखिया पुत्र से दोस्ती ही वजह है कि इनकी लगातार शिकायतों के बावजूद इनपर कार्यवाही नहीं हुई और यह एक ही पुलिस थाने में डटे हुए हैं। वैसे मुखिया पुत्र सहित मुखिया का नाम पूरे मामले में कहीं न कहीं डालकर सबको भ्रमित करने का प्रयास है और इससे कहीं न कहीं मुखिया की छवि धूमिल हो रही है जो सही नहीं है। वैसे मुखिया पुत्र से इनकी दोस्ती की खबर पहले भी प्रकाशित हुई है और घटती-घटना पहला कोई समाचार ऐसा प्रकाशित नहीं कर रहा है और इससे लगता है कि कुछ तो सच्चाई जरूर है जो बातें उठ रहीं हैं।

### क्या मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी मुखिया पुत्र से दोस्ती के सहारे अधिकारियों पर दबाव तो बनाने नहीं चाह रहे

वहीं अब यह सवाल भी उठता है कि क्या मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी इसी बात के सहारे अधिकारियों पर दबाव बना पा रहें हैं कि उनकी मुखिया पुत्र से दोस्ती है और इसलिए ही उन्हें आजतक तीन वर्ष होने को आये अन्यत्र कहीं भेजने की विभाग के अधिकारियों की हिम्मत नहीं हुई, अब सच्चाई जो भी हो लेकिन मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के लंबे कार्यकाल को देखते हुए इनके पीछे किसी बड़े व्यक्ति के हांथ होने से नकारा नहीं जा सकता और यह संभव दिखता है कि कोई न कोई इनके पीछे जरूर है जो इनकी गलतियों पर पर्दा डाल रहा है और इन्हें बचा रहा है।

### नए पुलिस महानिरीक्षक के पदभार ग्रहण करते ही संभाग अंतर्गत सभी पुलिस थाने अलर्ट पर हैं

हाल ही में सरगुजा संभाग के पुलिस महानिरीक्षक का तबादला हुआ है और नए पुलिस महानिरीक्षक ने पदभार ग्रहण किया है नए पुलिस महानिरीक्षक के पदभार ग्रहण करते ही जहां संभाग अंतर्गत सभी पुलिस थाने अलर्ट पर हैं और अवैध कारोबारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां कर रहें हैं वहीं मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र में अभी भी पुराने ढर्रे पर ही अवैध कारोबार जारी है जिसमें जुआ सहित शराब का अवैध करोबार शामिल है। शहर में जुआ का अंतरराज्यीय फड़ जहां संचालित हो रहा है वहीं शराब भी मध्यप्रदेश की शहर में खप रही है और कोई कार्यवाही पुलिस नहीं कर रही है,कुलमिलाकर शहर में जैसी स्थिति कानून व्यवस्था को लेकर बनी हुई थी वैसी ही बनी हुई है और सब कुछ पूर्व की ही तरह जारी है।

### क्या कबाड़ चोरी करने वाले भी मान हानि का दावा करेंगे

मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी द्वारा एक कबाड़ी को भी संरक्षण देकर कबाड़ का अवैध कारोबार संचालित करने के संबंध में पूर्व में खबर सामने आई थी और जिसपर यह बात भी कबाड़ी की तरफ से कहते लोगों ने सुना कि खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकारों पर वह मानहानि का दावा करेगा और उन्हें परेशान करेगा। किस तरह अवैध कारोबारियों का मनोबल बढ़ा कर मनेंद्रगढ़ में रखा गया है यह इसी से साबित होता है कि कबाड़ चोरी करने वाले भी मान हानि का दावा कर रहें हैं और इसके लिए कानून का सहारा लेने की बात कह रहें हैं जबकि वह किस तरह गलत कार्यों में लिप्त हैं किस तरह वह दो नम्बर की काली कमाई कर रहें हैं सभी जान रहें हैं।

## अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों व युवा मंडल सदस्यों द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 1 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।




अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र कोरिया छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन कोरिया जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में में किया गया।

जिसके अंतर्गत कोरिया जिले के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों व युवा मंडल सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि किस प्रकार से यह बीमारी होती है तथा इस बीमारी से कैसे बचा जा सकता है इन मुद्दों को लेकर लोगो में जागरूकता फैलाई गई। जिसमे बताया गया की एड्स किसी व्यक्ति को इंजेक्शन या ब्लेड जो की पहले उपयोग की जा चुकी हो यदि कोई व्यक्ति उसी इंजेक्शन या ब्लेड को पुनः उपयोग करता है तो उसको एड्स होना निश्चित है, इसलिए कभी भी इंजेक्शन या ब्लेड का उपयोग करे तो जागरूक रहे कि इंजेक्शन नई हो जिससे एड्स जैसी घातक बीमारी से बचाव हो सके, इस बीमारी का अभी तक कोई इलाज संभव नहीं हुआ है। यह एक लाइलाज बीमारी है। बचाव ही इसका उपचार है एवं युवा मंडल सदस्यों ने दो यूनिट ब्लड स्वैच्छा से जिला अस्पताल बैकुंठपुर में ब्लड डोनेट किया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के एमटीएस राजीव साहू के द्वारा किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सनी व युवा मंडल सदस्यों का योगदान रहा।

## सेवा निवृत्त हुए एसआई लालसाय पैंकरा को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने किया सम्मानित





- एसआई ने 41 वर्ष 6 माह तक दी विभाग में अपनी सेवाएं

- संवाददाता -
सूरजपुर, 01 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

पुलिस विभाग में लगातार 41 वर्ष 6 माह तक सेवा देकर बुधवार 30 नवम्बर 2022 को सेवानिवृत्त हुये सूरजपुर जिले के एसआई लालसाय पैंकरा जो वर्तमान में आईजी कार्यालय सरगुजा रेंज में कार्यरत् थे। सेवानिवृत्ति पर पुलिस कार्यालय में एक सादे समारोह में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू सहित पुलिस अधिकारियों ने साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर एसआई को सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे एसआई के परिजन भी मौजूद रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि एसआई लालसाय पैंकरा लंबे समय से विभाग में सेवाएं देते हुए आज विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे है। इन्होंने रेंज के थाना-चौकी के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यालय में कार्य करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन निष्ठा से किया। सदैव मार्गदर्शी रहे और अपने अधिनस्थों को बेहतर कार्य के प्रति प्रोत्साहित करते रहे। सेवा के अंतिम पडाव में भी ऊर्जा के साथ सौंपे गए कार्यो को पूरा किया। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे एसआई को पुलिस अधीक्षक ने साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने कहा कि एसआई श्री पैंकरा का व्यवहार काफी उत्तम है, स्वभाव से सरल है, लम्बे समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं दी है। उन्होंने एसआई के स्वस्थ, सुखमय पारिवारिक जीवन जीने और दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे एसआई लालसाय पैंकरा ने भी विभाग में रहकर किए गए कार्यो का अनुभव साझा किया।

इस दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, स्टेनो अखिलेश सिंह, रीडर धर्मानंद शुक्ला, निरीक्षक जावेद मियांदाद, स्थापना प्रभारी पंकज नेमा, आनंद पैंकरा, अमिताभ, सुलेमान लकड़ा, एसआई नीलाम्बर मिश्रा, एएसआई विराट विशी सहित कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर के प्रथम नागरिक के लिए महाराणा प्रताप व बिसाहू दास बराबर कैसे ?

## नगरपालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ ने महाराणा प्रताप व बिसाहूदास महंत को बराबर का बताया

- महाराणा प्रताप व बिसाहूदास दोनों ही महापुरुष कहना है नगरपालिका अध्यक्ष का
- महाराणा प्रताप से बिसाहूदास महंत की तुलना करना कितना सही अब यह तो नगरपालिका अध्यक्ष ही जाने ?
- अपने नेता को खुश करने और उनके पिता की मूर्ति स्थापित कर चौक का नामकरण करने अध्यक्ष की मंशा है स्पष्ट
- महाराणा प्रताप चौक में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने का नहीं हुआ है कोई प्रस्ताव
- मुगलों से लड़ने वाले महाराणा प्रताप को लेकर नहीं दिख रही नगरपालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ में ज्यादा श्रद्धा



-रवि सिंह-
मनेंद्रगढ़ 1 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ नगरपालिका में हुए प्रस्ताव जिसमें महाराणा प्रताप चौक का नामकरण बिसाहूदास महंत चौक किये जाने का निर्णय लिया गया है साथ ही बिसाहूदास महंत जो विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के पिता हैं व क्षेत्रीय सांसद के स्वशुर हैं कि मूर्ति महाराणा प्रताप चौक पर लगाये जाने का निर्णय जो लिया गया है उसमें मनेंद्रगढ़ नगरपालिका की अध्यक्ष का नया बयान सामने आया है, उन्होंने दोनों को ही महाराणा प्रताप व बिसाहूदास महंत को महापुरुष बताते हुए दोनों का ही सम्मान करने की बात कही है और उनका कहना है कि दोनों का अपनी अपनी जगह देश व समाज के लिए योगदान है और दोनों महान हैं। मनेंद्रगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष का यह बयान तो सही है कि दोनों महापुरुष हैं और दोनों का योगदान भी देश व समाज के लिए है लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जब दोनों महान हैं तो जिस चौक का नाम पहले से ही महाराणा प्रताप चौक है वहां मूर्ति लगाने का प्रस्ताव यदि लाना ही था तो महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाए जाने का प्रस्ताव लाना था बिसाहूदास महंत की मूर्ति स्थापित कर चौक का नामकरण कहीं और किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया और बिसाहूदास महंत की मूर्ति महाराणा प्रताप चौक में लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया क्योंकि वह उनके बड़े नेता के पिता हैं और ऐसे में उन्हें इसका राजनीतिक लाभ मिल सकता है।

### क्या महाराणा प्रताप को लेकर उनके मन मे कोई श्रद्धा नहीं है ?

महाराणा प्रताप को यदि महान मानती वह तो उनके द्वारा महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित किये जाने पर भी विचार किया जाता और आज नहीं बहोत पूर्व यह विचार कर लिया जाता जो नहीं किया गया और जिससे साबित हुआ महाराणा प्रताप को लेकर उनके मन मे कोई श्रद्धा नहीं है और उनके नाम से स्थापित बिना मूर्ति वाले चौक का अब अलग नामकरण कर वह महाराणा प्रताप का नाम ही शहर से विलुप्त करने की कोशिश में हैं जो दिख रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष के अलावा कोई भी चौक का नामकरण व अलग नाम से करने का विरोध नहीं कर रहा है-

महाराणा प्रताप चौक के नाम परिवर्तन व चौक में बिसाहूदास महंत की मूर्ति स्थापना मामले में विरोध भी कोई विशेष दर्ज नहीं हो रहा है और नेता प्रतिपक्ष के अलावा कोई सामने आकर चौक का नामकरण अलग नाम से करने का विरोध नहीं कर रहा है जिससे यह भी साबित हो रहा है कि शहर में ही महाराणा प्रताप के देश के लिए योगदान को लेकर कोई उनके प्रति आस्था व श्रद्धा नहीं रखता और यही वजह है कि नगरपालिका में ऐसा प्रस्ताव पारित हो गया है। वैसे नगरपालिका ने अन्य चौक जो शहर में स्थित हैं वहां कई महापुरषों की मूर्ति लगाए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया है लेकिन एक चौक जो महाराणा प्रताप चौक के नाम पर जाना जाता था उसी को लेकर नगरपालिका को दिक्कत थी और अब उसका नामकरण अलग किया जाएगा जो बिसाहूदास महंत चौक होगा यह तय हो गया है।


महाराणा प्रताप महान या बिसाहू दास महंत महान ?

कुछ महत्वपूर्ण सवाल

ऐतिहासिक लोगों के नामों को बदलने का एक नया ही अध्याय

चौक महाराणा प्रताप के नाम और मूर्ति होगी बिसाहूदास महंत की कैसे यह सही होगा ?

महाराणा प्रताप चौक महाराणा प्रताप चौक ही रहेगा,प्रभा पटेल अध्यक्ष नगरपालिका मनेंद्रगढ़

जहां महाराणा प्रताप चौक प्रस्तावित था उस चौक को बिसाहूदास महंत चौक नाम से किये जाने का हुआ है प्रस्ताव,श्याम सुंदर पोद्दार पार्षद

# क्या टीआई सीएसपी सोते रह गए,एडिशनल ने खड़गवां थाने की मदद से पकड़ा 3 ट्रक कबाड़?






- टीआई व सीएसपी की मौजूदगी फिर चिरमिरी का कबाड़ कैसे जा रहा था बाहर खड़गांव में एडिशनल ने पकड़ा?
- चिरमिरी से 90 किलोमीटर दूर बैठे आईजी के मार्गदर्शन में एडिशनल ने पकड़ा कबाड़ःसूत्र
- ऐसे थाना प्रभारी का क्या काम जब उनके क्षेत्र के अवैध धंधों की कार्यवाही करने आना पड़े अधिकारी को?
- 57 टन कबाड़ से लदी तीन ट्रक जप्त, जिसकी कीमत 21 लाख बताई जा रही है
- क्या क्षेत्र में जितने भी एसईसीएल से कलपुर्जे की चोरी हो रही थी क्या वही है यह कबाड़?
- तीन ट्रक कबाड़ पकडा जाने से यह तो साफ हो गया कि बड़े पैमाने पर हो रहा था कबाड़ का कारोबार
- नामचीन कबाड़ियो का नाम भी आरोपियों ने लिया पर मनेंद्रगढ़ के कबाड़ी बच निकले

- रवि सिंह-
चिरमिरी/मनेंद्रगढ़ 1 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)

चिरमिरी मनेंद्रगढ़ में कबाड़ का अवैध कारोबार अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है जड़ों को काटने के लिए पुलिस नाकाम दिख रही थी, यही वजह थी कि जड़ें काफी तेजी से मजबूती के साथ फैलती जा रही थी, अवैध कारोबार की जड़े काटी जाएंगी और अवैध कारोबार बंद होगा इस बात की उम्मीद लोगों ने पुलिस से लगाना ही छोड़ दी थी पर अचानक सरगुजा संभाग के पुलिस महानिरीक्षक का बदलना और जड़ की कटाई शुरू होना कहीं न कहीं एक बार फिर से उम्मीद जगी है की चिरमिरी मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में पूरी तरह से अवैध कारोबार बंद हो सकता है, बस इसके लिए इमानदार अधिकारी व इमानदार थाना प्रभारी की जरूरत है जो लगता नहीं कि फिलहाल जिले में मौजूद हैं, कबाड़ ट्रकों में भरकर बाहर जा रहा था इसकी सूचना शायद चिरमिरी सीएसपी व टीआई को भी नहीं होगी पर इसकी सूचना मनेंद्रगढ़ में बैठे एडिशनल को मिली और एडिशनल ने इन तीनों गाड़ियों को खंडगवा में पकड़ कार्यवाही कर दी ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर चिरमिरी पुलिस क्या कर रही थी जब कबाड़ लद रहा था और क्या इस बात की जानकारी प्रभारी को नहीं लगी जब इनके रहते अधिकारी को ही कार्यवाही करनी पड़ी, इससे यह पता चलता है कि प्रभारी कितने अवैध कारोबार को लेकर चौकन्ना है? कहीं न कहीं अवैध कबाड़ का पकड़ा जाना यह भी बता रहा है कि चिरमिरी क्षेत्र में अवैध कबाड़ का कारोबार हो रहा था पर पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी, अब अचानक आईजी का बदलना और कार्यवाही का तेज होना स्थानीय पुलिस पर सवालिया निशान खड़ा करता है?

### क्या कहती है पुलिस की विज्ञप्ति

पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार थाना खडगवां पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ पर बड़ी कार्यवाही हुई, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के द्वारा रेंज के समस्त पुलिस अधीक्षको को अवैध सटटा, जुआ, कबाड़ पर कार्यवाही करने हेतू निर्देशित किया गया था, जिस संबंध मे पुलिस अधीक्षक एमसीबी टीआर कोशिमा द्वारा अवैध सटटा, जुआ, कबाड़ पर कार्यवाही करने आदर्शित करने पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीपी सिंह के निर्देशित करने पर परिपालन में दिनांक 30.11.2022 को 03 ट्रको में अवैध कबाड़ लोड कर रायपुर तरफ जाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना खडगंवा के टीम के द्वारा खडगवां मेन रोड के पास नाकाबंदी कर कबाड़ लोड ट्रको को रोकवाया गया, जिस में ट्रक क्र. सीजी 15 एसी 0187 में 26.030 टन कीमती 963011 रूपये, दुसरे ट्रक क्र. सीजी 15 एसी 4989 में 22.930 टन कीमती 848410 रूपये व तीसरी ट्रक क्र. सीजी 15 एसी 5167 में 08 टन कीमती 296000 रूपये है कुल जुमला 56.96 टन कीमती 2107421 है कुल जप्त सम्पत्ती जुमला 8107421 रूपये। तीनो वाहन चालको को धारा 91 जा.फौ. का नोटिस देकर उक्त कबाड़ की परिवहन करने के संबंध मे दस्तावेज का मांग किया गया जो उक्त संबंध में कोई दस्तावेज नही होना पाये जाने पर आरोपीगण चालक नीरज टोप्पो, सूरज टोप्पो, अब्दुल कादर, विजय शंकर के विरुद्ध धारा 41 (14) / 379 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों ने पूछताछ पर उक्त सम्पूर्ण कवाड़ को हल्दीबाड़ी चिरमिरी से लोड करना एवं उक्त कबाड़ लकी परासर को होना बताये जो घटना समय से फरार है आरोपियो के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित पाये जाने से आरोपियों को गिर0 कर न्यायिक भेजा गया व जप्त कबाड़ व ट्रकों को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवां विजय सिंह, सउनि ओमप्रकाश जायसवाल, सउनि राम बाबू दोहरे, प्र.आर. सुखलाल खलखो, आर. सुरेश तिग्गा, आर. राज कुमार सेन, चालक आर. जशप्रीत सैनी, आर. दिनेश साहू सैनिक प्रमोद साहू, सैनिक विनय श्याम का सराहनीय योगदान रहा।

### चिरमिरी में अवैध कबाड़ और कोयला चोरी का बड़े स्तर पर होता है काम

चिरमिरी थाना क्षेत्र में अवैध कबाड़ और कोयला चोरी का बड़े स्तर पर कारोबार होता है,चिरमिरी में कोयला चोर जहां दिनदहाड़े ही जेसीबी लगाकर कोयला की खुदाई करते हैं और बड़ी बड़ी कई ट्रकों में लादकर वह उसे अन्य राज्य ले जाकर बेचते हैं वहीं कोयला चोरी का यह पूरा कारोबार खुलेआम सबकी नजर के सामने होता है और पुलिस भी इससे अनभिज्ञ नहीं रहती वहीं एसईसीएल से चोरी किया गया कबाड़ भी चिरमिरी से चोरी कर बाहर ले जाया जाता है और यह काम भी बड़े स्तर पर ही होता है और बताया जाता है कि कई गाड़ियां प्रतिदिन कबाड़ बाहर ले जाया जाता है और पुलिस मौन बनी रहती है।

### अवैध कबाड़ पर पहली बार दिखी बड़ी कार्यवाही

अवैध कबाड़ मामले में चिरमिरी का अवैध कबाड़ तीन ट्रकों में भरकर चोरी से बाहर भेजा जा रहा था और जिसे एडिशनल एसपी ने खड़गवां में पकड़ा है,यह कार्यवाही अभी तक की बड़ी कार्यवाहियों में गिनी जा रही है और कबाड़ मामले में पुलिस की पहली सक्रियता दर्शा रही है। इसके पहले न पुलिस कड़ाई से जांच करती थी वाहनों का और न कबाड़ या कोयला मामले में कार्यवाही करने आगे आती थी।

### थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे सवाल

चिरमिरी थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं,उनके थाना क्षेत्र में कबाड़ कोयला चोरी दिनदहाड़े हो रहा है और वह पता नहीं किस तरह से कानून व्यवस्था सम्हाल रहें हैं कि उनके नाक के ही नीचे सभी अवैध कारोबार संचालित हो रहें हैं और उन्हें खबर तब लगती है जब कबाड़ खड़गवां पुलिस थाना क्षेत्र में पकड़ लिया जाता है,कुलमिलाकर थाना प्रभारी किस तरह से कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सम्हाल रहें हैं साबित होता है।

### नए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा के पदभार ग्रहण करते ही सोई पुलिस जगने लगी

संयोग नहीं कहा जा सकता और न ही सक्रियता ही कही जा सकती है,कबाड़ और कोयला चोरी मामले में एमसीबी जिले सहित कोरिया जिले की पुलिस की कार्यवाहियों को लेकर यही कहा जा सकता है कि नए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा संभाग के पदभार ग्रहण करते ही सो चुकी कोरिया व एमसीबी पुलिस जग चुकी है और फिलहाल जगी हुई है और कार्यवाहियां दिख रहीं हैं। कबाड़ और कोयला चोरी लगातार हो रहा था ऐसा भी नहीं कि पुलिस अनभिज्ञ थी,बस नहीं पकड़े जाने के पीछे की वजह थी सोए रहना जानकर अनजान बने रहना जो अभी नहीं देखा जा रहा है।

### क्या दिखावे के लिए हो रही कार्यवाही,या जारी रहेगी कार्यवाही?-

नए पुलिस महानिरीक्षक के पदभार ग्रहण करते ही कोरिया पुलिस और एमसीबी जिले की पुलिस चुस्त दुरुस्त दिख रही है,अब अवैध कारोबार पर फिलहाल रोक लगी है और कारोबार कुछ हद तक बंद हैं,अब देखना यह कि यह कड़ाई यह कार्यवाही लगातार जारी रहने वाली है या पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा के प्रथम दौरे के बाद यह बंद हो जाने वाली है और फिर पुराने ढर्रे पर पुलिस की कार्यप्रणाली दिखने वाली है,वैसे जो भी हो चार सालों बाद पुलिस की सक्रियता दिख रही है और कार्यवाहियां भी दिख रहीं हैं।

### क्या कबाड़ पकड़वाने में प्रतिस्पर्धा मुख्य वजह?

सूत्रों की माने तो पहले चिरमिरी क्षेत्र का कबाड़ का गढ़ था यहां पर एक कबाड़ी का लंबे समय से एकछत्र राज्य था, कोई भी कंपीटीटर नहीं था पर अब मनेन्द्रगढ़ में इसके कंपीटीटर के तौर पर एक और कबाड़ी बैठ गया, जिस वजह से दोनों कबाड़ीयो में प्रतिस्पर्धा होने लगी, दोनों कबाड़ी एक दूसरे को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते और यही वजह है कि कबाड़ियों के बीच तनातनी की स्थिति है, मनेन्द्रगढ़ में बैठक कबाड़ी को की दुकान बंद हुई तो उसने चिरमिरी कबाड़ी की दुकान बंद करने की तरकीब लगाई, जिस तरकीब का नतीजा निकला कि तीन ट्रक कबाड़ पुलिस के हत्थे प्रतिस्पर्धा में चढ़ा, जो भी हो पर ठीक है क्योंकि अवैध कारोबार में लिप्त लोग अपनी कमाई के लिए वर्दी को खरीदना सीख गए थे, अवैध कारोबार करने के लिए खादी, खादी व लोकतंत्र के चौथे स्तंभ जैसे बैठे लोगों को खरीदा जाता था, अब शायद उन्हें इस बात का अंदाज हो जाएगा कि सबको खरीदा नहीं जा सकता, क्योंकि कुछ लोग अपना जमीर नहीं बेच पाते जिनके दम पर आज देश व न्याय प्रणाली टिकी हुई है खरीदने से अच्छा है कि इस कारोबार को ही छोड़ दिया जाए।

## सरस्वती साइकिल वितरण कार्यकम में साइकिल पा कर छात्र हुए खुश

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 1 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेली में सरस्वती साइकल योजना अंतर्गत नवमी में अध्ययनरत बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रों को कहा कि साइकिल मिलने से आने जाने में सुविधा होगी और विद्यालय समय पर पहुंचेंगे, साथ ही विद्यालय के अच्छे संचालन की सराहना की। जयपुर से कुडेली विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा कुमारी रीना ने कहा कि वो पड़ोस से साइकिल लेकर रोज 12 किलोमीटर विद्यालय आती थी अब साइकिल मिलने से अब वो काफी खुश है।

जेल संदर्शक और जनपद सदस्य श्री कमल कांत साहू जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साइकिल मिले छात्रों को शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वेदान्ती तिवारी उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया कमल कांत साहू जनपद सदस्य, जेल संदर्शक युवक सिंह सरपंच सरभोका (कुडेली) शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्य सहित पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिवचरण साहू, मकबूल खान विद्यालयीन शिक्षकों में प्राचार्य समायान सिंह कंवर, मोतीलाल साहू, एसएन चौधरी, अमिता त्रिवेदी, कमल कुशवाहा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बृजेश साहू, कृष्ण पीयूष कुजूर, उमेश साहू, सुरेन्द्र साहू, शालिनी खलखो, नेहा बेक कल्पना गुप्ता, शकुंतला लकड़ा, रीता यादव, हेमंती प्रधान, दीपमाला बिनिका, पैंकरा डी कन्हैया और अमृतांशु मिश्रा खुशबू कुशवाह सहित उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता चेतनारायण कश्यप ने किया।

## हार्डवेयर गोदाम से चोरी मामले में 1 गिरफ्तार, थाना सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



दिनांक 28.08.22 को सूरजपुर के प्रेम हार्डवेयर संचालक सुभाष जिन्दिया ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके मानपुर बाईपास रोड़ स्थित गोदाम से प्लाई चोरी कर किया गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा आरोपी की पतासाजी की गई।

विवेचना के दौरान संदेही संजय साहू उम्र 22 वर्ष निवासी मानपुर को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि सुभाष जिन्दिया के बाईपास स्थित गोदाम से प्लाई चोरी किया है। आरोपी के निशानदेही पर चोरी का 10 नग प्लाईन कीमत 24 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक अदीप प्रताप सिंह, सैनिक चंदन सिंह व इजराईल सक्रिय रहे।

## कलेक्टर ने लकरापारा गौठान का किया मुआयना

### सामुदायिक बाड़ी को विस्तार देने महिलाओं को प्रोत्साहन

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।





जिले के कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने आज अपने भ्रमण के दौरान लकरापारा गौठान का निरीक्षण कर वहां की गतिविधियां देखी। कलेक्टर ने गौठान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से उनकी आयमूलक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने समूह द्वारा की जा रही सामुदायिक सब्जी की खेती का भी मुआयना किया। कलेक्टर ने सामुदायिक बाड़ी के लिए उपलब्ध शेष जमीन की ट्रैक्टर से जुताई कराकर बाड़ी का विस्तार करने और इससे बेहतर मुनाफा कमाने के लिए प्रोत्साहित किया।

महिला समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा अब तक 100 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है, जिसकी राशि भी उन्हें प्राप्त हो चुकी है। अभी 80 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट विक्रय के लिए तैयार है। समूह की महिलाओं ने सब्जी की सामूहिक खेती के बारे में जानकारी दी, जिसका कलेक्टर ने मौके पर जाकर मुआयना किया। कलेक्टर ने बाड़ी के लिए आरक्षित भूमि के थोड़े हिस्से में की जा रही सब्जी की खेती को और बढ़ाने के लिए शेष भूमि का उपयोग करने की समझाईश दी। फिलहाल सामुदायिक बाड़ी में महिलाओं द्वारा आलु, गोभी, मुली का उत्पादन किया जा रहा है। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की और उनकी हौसला अफजाई करते हुए पूरी भूमि में अन्य प्रकार की सब्जी-भाजी की खेती करने को कहा। कलेक्टर ने इस मौके पर मौजूद अधिकारियों को महिला समूह द्वारा उत्पादित सब्जी की खपत स्कूलों, आश्रम शालाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों और छात्रावासों में सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### बेदखल कर वन क्षेत्र को सुरक्षित करने की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने कलेक्टर व वन मंडलाधिकारी सरगुजा को पत्र लिखकर महामाया पहाड़ से बेदखल की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि वर्ष 2021 में महामाया पहाड़ खैरबार बधियचुआं में वन अधिकार का पट्टा प्राप्त 6 व्यक्तियों द्वारा अपने वन अधिकार मान्यता पत्र का शर्तो का उल्लंघन करते हुए अपने वन अधिकार पट्टे की जमीन को स्टांप के माध्यम से अन्य राज्यों की व्यक्तियों को बेचने की शिकायत की गई थी। इस मामले में इनका पट्टा निरस्त करते हुए बेदखली का आदेश पारित किया गया था। भाजपा पार्षद ने आलोक दुबे ने कलेक्टर व वन मंडालाधिकारी को पत्र लिखकर उक्त क्षेत्र को सुरक्षित करने की मांग की है।

## मोर आवास मोर अधिकार के तहत भाजपा जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

- प्रभारी एवं सह प्रभारियों की हुई नियुक्ति
- गांव गांव होगा कुच, ब्रहद आंदोलन की होगी आगाज

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़ , 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एम सी बी - भाजपा की जिला स्तरीय बैठक विगत दिनों सरस्वती शिशु मंदिरझगड़ाखांड रोड मे भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मोर आवास , मोर अधिकार के तहत प्रधानमंत्री आवास के संबंध में एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई । वंही बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के आवास के अधिकार को कुचलने का कुचक्र करने का प्रयास कर रही है, जिसके विरोध में भाजपा का कार्यकर्ता प्रत्येक गाँव-गाँव तक जाकर जनता के आवास के अधिकार हेतु आवाज उठायेगा । इसके लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी एवं पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल एवं श्रीमती चम्पा देवी पावले जी के सहयोग से विभिन्न मंडलो मे कार्यक्रम प्रभारी व सह प्रभारीयो की नियुक्ति की गई जो अपने प्रभार वाले मंडलो मे उक्त तिथिवार बैठक लेंगे। जिसमे मनेन्द्रगढ़ मंडल - प्रभारी श्री प्रदीप सलूजा , सह प्रभारी सुशील सिंह दिनांक 02/12/22 ,

हसदैव क्षेत्र - प्रभारी कीर्ति बासु ,सह प्रभारी विवेक अग्रवाल दिनांक 03/12/22

खड़गँवा मंडल - प्रभारी श्री प्रदीप सलूजा, सह प्रभारी जयलाल सिंह टेकाम दिनांक - 05/12/22

चिरिमिरी मंडल - प्रभारी वीरेंद्र सिंग राणा, सह प्रभारी मनोज शुक्ला दिनांक -04/12/22

केलहरी मंडल - जमुना पाण्डेय , सह प्रभारी संजय राय दिनांक -05/12/22

कुंवारपुर मंडल - जमुना पाण्डेय, सह प्रभारी आदित्य गुप्ता दिनांक -04/12/22

जनकपुर मंडल - रेणुका सिंह, सह प्रभारी श्री राम लखन सिंह दिनांक - 04/12/22

कोटडोल मंडल - प्रभारी रेणुका सिंह, सह प्रभारी राम लखन सिंह दिनांक -02/12/22

नागपुर मंडल - प्रभारी कीर्ति बासु , सह प्रभारी अरुणोदय पाण्डेय दिनांक - 05/12/22

जो 01 दिसम्बर से प्रारम्भ हो 05 दिसम्बर तक समस्त मण्डलों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात् 06 दिसम्बर से 20 दिसम्बर के मध्य सभी पंचायतों में मोर आवास मोर अधिकार के तहत बैठक आयोजित की जायेगी तथा ग्राम पंचायत वार आंदोलन किया जाएगा इसके आलावा आवास योजना से स्वीकृत अधूरे मकान व प्रतिक्षा सूची के हित ग्राहियों के लिए कांग्रेस सरकार से राशी आबंटन की मांग की जाएगी। तथा उन्होनें बताया की विधानसभा स्तर पर बड़ी पदयात्रा निकालकर जनजागरण के लिए अभियान चला प्रदेश की भ्रस्ट एवं निकम्मी भूपेश सरकार को उखाड़ फेकने हेतु कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया तथा उक्त बैठक में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल एवं चम्पा देवी पावले, प्रदीप सलूजा जिला महामंत्री जमुना पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह राणा , पवन शुक्ला, परमानंद यादव, कीर्ति वासु , धर्मेंद्र पटवा, विनोद गुप्ता, हीरालाल मौर्य , हीरालाल यादव ,जनार्दन साहू , रेणुका सिंह ,चुन्नी पैकरा सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेउक्ताशय की जानकारी संजय गुप्ता ने दी।

# सफलता की राह मुश्किल जरूर है,पर कड़ी मेहनत और समर्पण से लक्ष्य को पाना संभव है : आईपीएस रोबिनसन गुड़िया

- संवाददाता -
कोरबा, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जीवन में कुछ कर ने की चाह ही थी, जो मैं आज आपके सामने खड़ा हूं। सफलता की राह मुश्किल जरूर है, पर कड़ी मेहनत, समर्पण और अपने लक्ष्य को पाने की जिद हो तो आपके लिए भी यह संभव है। मैं स्कूल के दिनों में कोई टॉपर छात्र नहीं था। पर आईआईटी कैम्पस पहुंचा, तो पता चला कि वहां तो सभी टॉपर हैं। मैंने सोचा, इतने से काम नहीं चलेगा थोड़ी मेहनत करनी होगी। कुछ साल गुजरे, तो फिर मन में आया, इतने में क्या होगा, थोड़ा और बेहतर करना होगा। अब यूपीएससी की तैयारी की बारी थी। जो टॉपर थे, वे पहले प्रयास में सफल हो गए। तब समझ में आया कि और ज्यादा परिश्रम करना होगा। आपकी मेहनत व लगन एक दिन आपको अपकी मंजिल पर लाकर खड़ा कर देगी।यह बातें नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुड़िया (आईपीएस) ने कमला नेहरू महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहीं। कॉलेज की एनसीसी इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सीएसपी श्री गुड़िया ने अपने कॅरियर को प्राप्त करने की राह में आई कठिनाइयों और उनका सामना करते हुए एक-एक कदम बढ़ाने के साथ लक्ष्य तक पहुंचने के अनुभव साझा किए। उन्होंने प्रशासनिक सेवा में कॅरियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं को कड़ी मेहनत करने और कभी भी हार कर न बैठने प्रोत्साहित किया। उन्होंने




कहा कि जब कभी ऐसा लगे, कि आप मुश्किल में हैं, एक पल विचार कीजिए और फिर से कड़ी मेहनत करने का संकल्प लेकर जुट जाइए। लक्ष्य पाने तक बिना रुके आगे बढ़ते रहें, सफलता निश्चित है। श्री गुड़िया ने बताया कि परीक्षा की तैयारी करते-करते ही आप इतने कुशल हो जाएंगे, कि यूपीएससी की परीक्षा सफल करना तो आसान होगा ही, आपका व्यक्तित्व एक प्रशासनिक अफसर के समकक्ष हो जाएगा। देश के सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा और कॅरियर कही जाने वाली यूपीएससी की यही सबसे बड़ी विशेषता है।अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम के शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनसीसी के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी मां सरस्वती का वंदनगान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने पुष्पगुच्छ से सीएसपी श्री गुड़िया का स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एससी तिवारी, फॉरेस्ट्री के विभागाध्यक्ष डॉ सुनील तिवारी, कुणाल दास गुप्ता एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अनिता यादव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने एनसीसी कैडेट्स जेयूओ जयकुमार कश्यप, एसजीटी रेखा प्रधान, सीक्यूएमएस पी ब्रम्हतेजा, एसजीटी अनुराग साहू को विभिन्न उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज परिवार की ओर से प्राचार्य डॉ बोपापुरकर ने आईपीएस श्री गुड़िया को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## दिव्यांग की समस्या का तत्काल हुआ निदान, जनचौपाल में पहुंचे दिव्यांग सुखदेव को कलेक्टर के निर्देश पर तुरंत उपलब्ध कराई गई ट्राईसाईकल

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़ , 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आज जनचौपाल में बड़ी उम्मीद के साथ ग्राम कदरेवा के दिव्यांग सुखदेव पहुंचे थे। उनकी इच्छा थी कि उन्हें ट्राईसाईकल मिल जाये जिससे उन्हें आने-जाने में आसानी हो सके। कलेक्टर जनचौपाल में अपना आवेदन लेकर जब सुखदेव उपस्थित हुए तो कलेक्टर श्री पीएस ध्रुव ने उनसे बड़ी संवेदनशीलता के साथ बात की और उनकी इच्छा से अवगत हुए। उन्होंने तुरंत समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि जनचौपाल समाप्त होते ही दिव्यांग को ट्राईसाईकल मिल जाये।



कलेक्टर श्री ध्रुव के निर्देश का पालन सुनिश्चित करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग सुखदेव को ट्राईसाईकल प्रदाय की गई। कलेक्टर ने स्वयं मौजूद रहकर सुखदेव को ट्राईसाईकल की मदद दिलाई। दिव्यांग की खुशी का ठिकाना ना रहा। उन्होंने आवेदन देने के तुरंत बाद ही मंशा पूरी होने पर आभार व्यक्त किया और कलेक्टर एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

- संवाददाता -
रामानुजगंज 01दिसम्बर2022 (घटती घटना)

स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत,हारमोनियम,बांसुरी वादन,तात्कालिक भाषण,खो-खो,कबड्डी सहित विभिन्न विधाओं में युवाओं ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि युवा महोत्सव में जिले के कोने-कोने से 20 प्रकार के विभिन्न विधाओं में लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया,जिससे यह प्रतीत होता है कि जिले में खेल एवं अन्य विधाओं में युवाओं में कितनी दिलचस्पी है,युवा महोत्सव एक ऐसा माध्यम है जिसमें एक विशेष अवसर एवं मंच में क्षेत्र के युवाओं को सांस्कृतिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है।



जिला स्तरीय युवा महोत्सव में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग से विकास खंडों में वाड्रफनगर प्रथम तथा बालिका वर्ग से राजपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से शंकरगढ प्रथम,कुश्ती में राजपुर प्रथम,फुगडी प्रतियोगिता में बालिका एवं बालक वर्ग में शंकरगढ प्रथम,भौंरा प्रतियोगिता में बालिका एवं बालक वर्ग में शंकरगढ प्रथम,गेड़ी प्रतियोगिता में बालिका एवं बालक वर्ग में शंकरगढ़ प्रथम,बांसुरी वादन में बलरामपुर प्रथम,निबंध प्रतियोगिता में शंकरगढ, वाद-विवाद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में राजपुर,फूड फेस्टिवल में राजपुर,चित्रकला प्रतियोगिता में राजपुर,क्विज प्रतियोगिता में कुसमी, एकांकी नाटक में शंकरगढ़,भरतनाट्यम में राजपुर, तात्कालिन भाषण में राजपुर,शास्त्रीय गायन में बलरामपुर,तबला वादन में बलरामपुर,हारमोनियम वादन में रामचन्द्रपुर,लोकनृत्य(सुआ) में राजपुर, लोकनृत्य (करमा) में कुसमी,लोकगीत पुरूष में बलरामपुर तथा लोकनृत्य बालिका वर्ग में बलरामपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव गणमान्य नागरिकों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर की शासकीय योजनाओं के संचालन व निगम के विभिन्न कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा



- संवाददाता -
कोरबा, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पशुपालकों द्वारा यदि बार-बार अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर छोड़ा जाता है तो संबंधित पशुपालकों पर अर्थदण्ड के साथ ही एफ.आई.आर.भी दर्ज कराई जाएगी। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम अधिकारियों की बैठक में सड़क सुरक्षा एवं मवेशीमुक्त सड़क पर खास फोकस करते हुए उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होने शासकीय योजनाओं के त्रुटिरहित संचालन पर विशेष फोकस रखने, विकास कार्यो में व्यवधान उपस्थित करने वालों पर कार्यवाही प्रस्तावित करने तथा शहर की स्वच्छता व राजस्व वसूली पर ठोस कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में समयसीमा की बैठक ली। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान धन्वंतरी योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अनियमित विकास का नियमितीकरण, डायरेक्ट बिल्डिंग परमिशन स्कीम सहित शासन की अन्य विभिन्न योजनाओं तथा निगम के विकास व निर्माण कार्यो, साफ-सफाई कार्यो तथा राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन द्वारा कोसाबाड़ी चौक से निहारिका घंटाघर होते हुए बुधवारी चौक तक एवं उससे आगे जैन मंदिर चौक से तानसेन चौक होते हुए कोसाबाड़ी चौक तक के मुख्य मार्ग को मवेशी मुक्त सड़क बनाने का निर्णय लिया गया है, उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मार्गो पर काऊकेचर के साथ आवश्यक अमले की तैनाती सुनिश्चित रहे, सड़कों पर मवेशी विचरण न करें, यह सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शहर के अन्य प्रमुख मार्गो, सड़कों पर मवेशियों का विचरण न हों, इस दिशा में निरंतर कार्यवाही जा रखें। उन्होने कहा कि जिन पशुपालकों द्वारा अपने मवेशियों को बार-बार सड़क पर छोड़ा जा रहा है, उन्हें चिन्हाकित करते हुए ऐसे पशुपालकों पर अर्थदण्ड के साथ ही नियमों के तहत एफ.आई.आर. भी दर्ज कराएं तथा वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने शासन की जनकल्याणकारी योजना गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होने निगम के सभी गोबर खरीदी केन्द्रों एवं गोठानवार योजना की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोबर खरीदी व खाद निर्माण की नियमित मानीटरिंग गोठान नोडल अधिकारी के द्वारा सुनिश्चित की जाए, नियमित रूप से गोबर की खरीदी हो, गोबर खुले में न पड़ा रहे, खाद निर्माण की प्रक्रिया अनवरत जारी रहे। उन्होने अधिकारियों से कहा कि पंजीकृत गोबर विक्रेताओं से वे व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें, उन्हें प्रोत्साहित व प्रेरित करें कि वे अपना गोबर गोठान में अवश्य विक्रय करें, उन्होने कहा कि गोठान की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से दुरूस्त रहें अन्यथा जिम्मेदारी तय कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक सूरजपुर कोर्ट मोहर्रिरों की ली बैठक, प्राथमिकता से समंस-वारंट शत् प्रतिशत तामील कराने दिए निर्देश



- संवाददाता -
सूरजपुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

फरियादी, पीड़ित व्यक्ति को सुलभ न्याय शीघ्र मिले इसके लिए आवश्यक है कि माननीय न्यायालय द्वारा जारी समंस वारंट की तामीली समय पर शत-प्रतिशत थाना-चौकी के माध्यम से सुनिश्चित हो उक्त बाते *आईजी सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग* ने सूरजपुर जिले के दौरे पर थाना-चौकी प्रभारियों को कही थी, जिसके परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने बुधवार, 30 नवम्बर को कोर्ट मोहर्रिर एवं थाना-चौकी से न्यायालयीन कार्य से जुड़े कर्मचारी के बीच आपसी सामान्जस्य बनाकर कार्य कराने को लेकर जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में कोर्ट मोहर्रिरों की बैठक ली।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कोर्ट मोहर्रिरों को सख्त निर्देश दिया कि माननीय न्यायालय के द्वारा जिस तिथि को समंस/वारंट जारी किए जाते है उसी दिन थाना-चौकी प्रभारियों को वारंट तामीली के लिए भेजे ताकि माननीय न्यायालय में नियत तिथि के पूर्व शत् प्रतिशत वारंटों को तामील कराकर न्यायालय को अवगत कराई जा सके। समंस-वारंट की तामीली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्शास्त नहीं होगी, थाना-चौकी प्रभारियों को समंस-वारंट तामीली को विशेष प्राथमिकता में लेते हुए तामील कराने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कोर्ट मोहर्रिरों को कहा कि आपके सजग रहकर कार्य करने से समंस-वारंट की तामीली सही समय होगा और फरियादियों को न्यायालय से जल्द न्याय मिलेगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी मुख्यालाय नंदिनी ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, स्टेनो अखिलेश सिंह, रीडर धर्मानंद शुक्ला सहित सभी कोर्ट मोहर्रिर मौजूद रहे।

## अनिमेष तिवारी को प्रदेश सचिव किया गया नियुक्त

- संवाददाता -
सुरजपुर, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारिणी में सबसे कम उम्र के पदाधिकारी के रूप में उभरते छात्र नेता अनिमेष तिवारी को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है अनिमेष जिले के बड़े राजनीतिक परिवार से प्रतिबद्ध हैं अनिमेष पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीएन तिवारी के पौत्र हैं वहीं जिले के नामी युवा अधिवक्ता राहुल तिवारी के भतीजे हैं उनकी दादी श्रीमती दमयंती तिवारी भी पूर्व पार्षद एवं लंबे समय तक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रही हैं अनिमेष ने नियुक्ति के बाद कहा हर छात्र तक पहुंचकर उनकी समस्या का निदान मेरी पहली प्राथमिकता होगी अनिमेष ने कहा पूरे प्रदेश में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चल रहा है छात्र जिस उत्साह से अभियान में भाग ले रहे हैं प्रदेश में सूरजपुर जिला अव्वल रहेगा जिला अध्यक्ष सी के चौधरी के नेतृत्व में पूरे जिले में सदस्यता अभियान को लेकर पूरे छात्र-छात्राएं जिस तरह से उत्साहित हैं पूरे प्रदेश में सबसे अधिक संख्या सदस्यता होगा जिसका श्रेय जिला अध्यक्ष चंद्र कांत चौधरी को जाता है अनिमेश नाथ तिवारी ने नियुक्ति में शीर्ष नेतृत्व नेताओं का आभार प्रकट करते हुए छत्तीसगढ़ के युवा विधायक देवेंद्र यादव एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे आदित्य भगत सहित जिले के युवा नेता नरेंद्र यादव चंद्रकांत चौधरी परमेश्वर यादव सरफराज पठान सहित सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया है।

## खनिज ,राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध कोयला भंडारण पर की कार्यवाही

- संवाददाता -
कोरबा, 01 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर अवैध कोयला भंडारण पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार देर शाम ताबड़तोड़ छापेमारी कार्यवाही की। राजस्व विभाग, खनिज विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही के दौरान 02 जगहों पर लगभग 40 टन कोयला जब्त किया गया। करतला में खान ढाबा के पीछे झाड़ियों के आस पास लगभग 10 टन और चांपा में वीरेंद्र सिंह के आवासीय परिसर में लगभग 30 टन अवैध कोयला भंडारण पाया गया। करतला में जांच के दौरान मौका क्षेत्र में उपस्थित मजदूर मौके से फरार हो गए। करतला में कोयला से भरा हुआ एक गाड़ी और चार मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। इसके अलावा मौका जांच में तौल कांटा बांट, कोयला खरीदी बिक्री, मजदूरों का भुगतान और पैसों के लेनदेन से संबंधित संबंधित रजिस्टर भी जब्त किया गया। दस्तावेजों को जांच के लिए खनिज कार्यालय भेजा गया तथा गाड़ियों और इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे को थाना करतला में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसी प्रकार तहसील करतला के ग्राम चांपा में वीरेंद्र सिंह के आवासीय परिसर में अवैध रूप से कोयले खनिज का भंडारण पाया गया। मौका जांच में लगभग 30 टन कोयले का भंडारण पाया गया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा भी पाया गया। जमीन मालिक के पास उनके परिसर में भंडारित कोयले के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं पाया गया। मौके पर पाए गए कोयले और तौल कांटे को संयुक्त टीम द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई।



एसडीएम कोरबा श्रीमती सीमा पात्रे ने बताया की करतला के खान ढाबा के पीछे जमीन में और ग्राम चांपा में अवैध कोयला भंडारण होने और कोयले की अवैध खरीदी बिक्री की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। दोनों जगहों के निरीक्षण के दौरान कोयला भंडारण पाया गया। साथ ही कोयला खरीदी बिक्री के भी दस्तावेज पाए गए। एसडीएम ने बताया की दोनो जगहों पर कोयला के वैध खरीदी बिक्री और भंडारण के कोई साक्ष्य नहीं पाए गए। जमीन मालिकों द्वारा खनिज से संबंधित कोई वैध प्रमाण भी नही प्रस्तुत किया गया। एसडीएम ने बताया की दोनों जगहों पर की गई छापामार कार्रवाई के दौरान पाए गए कोयले को जब्ती कर विभागीय कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी गतिविधियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। कार्यवाही में राजस्व विभाग से तहसीलदार मुकेश देवांगन, नायब तहसीलदार लखेश्वर सिदार, खनिज विभाग से खनिज निरीक्षक जीत चंद्राकर एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शामिल थी।

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202211020700052

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
भिटठीकला प.ह.न. 00031 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-चंदेश्वरी ,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन ,

**ईश्तहार**

आवेदक चंदेश्वरी पति स्व0 सूखराम, निवासी ग्राम भिटठीकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम भिटठीकला, तहसील अम्बिकापुर, स्थित खसरा नंबर 572/3 रकबा 0.061 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/12/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/11/2022 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0.) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0.../अ-2/2021-22

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद इन्दरपुर को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती अभिषेक कुमार पिता/पति श्री शैलेष सिंह निवासी ग्राम इन्दरपुर के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 913/1 रकबा 0.9700 में से 0.1600 हे0 जो ग्राम इन्दरपुर प.ह.नं. 22 रा0नि0मं0ओड़गी तहसील ओड़गी जिला-सूरजपुर में स्थित है, के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में ग्राम/नगर /नगर पंचायत/नगर पालिका नगम क्षे0 इन्दरपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 16/12/2022 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा)भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता
### लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 24.11.2022

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि-13.12.2022
02. संबंधित संभाग-रामानुजगंज

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र./ ऑनलाईन सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 145 115505 1st Call C Class and Above | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत राज्य मार्गों में बी.टी. पैच मरम्मत का कार्य । | 112.65 |
| 2 | 146 115511 1st Call D Class and Above | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत ग्रामीण मार्गों में बी.टी. पैच मरम्मत का कार्य । | 79.45 |
| 3 | 147 115519 1st Call D Class and Above | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत (1) रामानुजगंज वाड्रफनगर मार्ग के कि.मी. 06 से 22 एवं 41 से 54/6 = 31.60 कि.मी. (2) कामेश्वरनगर रामचंद्रपुर लुरगी मार्ग के कि.मी. 01 से 07,13 से 15, 19 से 24 एवं 28 से 36 = 25.00 कि.मी. (3) स्याही सनावल मार्ग के कि.मी.01 से 07, 13 से 19, 25 से 27, एवं 33 से 35=20.00 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। | 79.82 |
| 4 | 148 115524 1st Call D Class and Above | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत (1) बलरामपुर चांदो सामरी मार्ग के कि.मी. 01 से 35=13.00 कि.मी. (2) आरागाही चलगली मार्ग के कि.मी. 01 से 18 एवं 24 से 41=36.00 कि.मी. (3) डिन्डो विमलापुर नवाडीह मार्ग के कि.मी. 01 से 19/6=18.60 कि.मी. (4) रामानुजगंज टाउन मार्ग के कि.मी. 01 से 07/2=6.20 कि.मी. (5) कलेक्टर भवन बलरामपुर पहुंच मार्ग के कि.मी. 01 से 02 = 2.00 कि.मी. (6) पस्ता खटुआबरदर मार्ग के कि.मी. 01 से 6 = 6.00 कि.मी. (7) सनावल महुआदामर मार्ग के कि.मी. 01 से 06 = 6.00 कि.मी. में बी टी पैच रिपेयर का कार्य । | 79.86 |
| 5 | 149 115526 1st Call D Class and Above | उपसंभाग कुसमी अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पैच मरम्मत का कार्य। | 79.95 |

जी नंबर - 96194/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

# ब्राजील के खिलाफ कैमरून को जीत और किस्मत के साथ की जरूरत

**दोहा,01 दिसम्बर 2022।** फीफा विश्व कप में शुरुआती दोनों मैचों को जीतने वाली ब्राजील की टीम शुक्रवार देर रात को जब ग्रूप जी के अपने आखिरी मैच में कैमरून के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके कोच टिटे सभी रिजर्व खिलाड़ियों को आजमायेंगे। वही दूसरी ओर दो मैचों में एक हार और ड्रॉ का नजीता हासिल करने वाली कैमरून की टीम को टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस मैच में जीत के साथ किस्मत की साथ की भी जरूरत होगी।

इस ग्रूप में ब्राजील के छह अंक हैं जबकि स्विट्जरलैंड के नाम तीन और कैमरून तथा सर्बिया के एक-एक अंक है। ब्राजील की टीम नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुकी है और कोच टिटे अब तब बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को इस मुकाबले में परखना चाहेंगे। स्टार फॉरवर्ड नेमार, राइट बैक डैनिलो और लेफ्ट बैक एलेक्स सैंड्रो चोटों के कारण उपलब्ध नहीं होंगे। नेमार अभी भी अपने दाहिने टखने की चोट का इलाज कर रहे थे और यह स्पष्ट नहीं था कि वह कब वापसी करेंगे।

टिटे ने इस मैच के लिए सभी रिजर्व खिलाड़ियों का उपयोग करने की योजना बनायी है, जिसकी शुरुआत गोलकीपिंग में एलिसन की जगह एंडरसन से होगी। टीम की रक्षा पंक्ति में अनुभवी दानी अल्वेस को जगह मिलेगी जबकि फैबिन्हो मिडफील्ड में खेलने के लिए तैयार है। एंटनी और गेब्रियल मार्टिनेली के अग्रिम पंक्ति में होने की उम्मीद है। टिटे उन सभी सात



खिलाड़ियों को मैदान पर उतारना चाहते है जो अभी तक टूर्नामेंट में शामिल नहीं हुए थे। मिडफील्डर फैबिन्हो ने कहा कि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच के बाद टिटे ने हमें पहले ही बता दिया था कि वह लाइनअप में बदलाव करना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि हर किसी को खेलने का मौका मिले और हम उस फैसले से खुश हैं। टिटे यह बदलाव इसलिए भी कर रहे क्योंकि ब्राजील को इस मैच के बाद सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेलना है और वह मुख्य खिलाड़ियों को अहम मैच से पहले तरोताजा रखना चाहते है। 39 वर्षीय अल्वेस विश्व कप में खेलने वाले ब्राजील के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन सकते है। वह कतर में ब्राजील के कप्तान 38 वर्षीय थियागो सिल्वा को पीछे छोड़ेंगे। विश्व कप में अल्वेस का आखिरी मैच ब्राजील में 2014 के टूर्नामेंट के अंतिम-16 के दौर में था। वह चोट के कारण 2018 में रूस में हुए विश्व कप में नहीं जा सके थे।

कैमरून की टीम 1990 के बाद पहली बार ग्रुप चरण की बाधा को पार करना चाहेगी। टीम हालांकि विवादों में भी रही जब गोलकीपर आंद्रे ओनाना को कोच रिगोबर्ट सोंग के साथ हुए मतभेद के बाद अनुशासनात्मक कारणों से फीफा विश्व कप से स्वदेश भेज दिया गया। कैमरून फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इंटर मिलान के गोलकीपर को टीम से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया और यह निलंबन कतर में पूरे टूर्नामेंट के दौरान जारी रहेगा।

# पोलैंड हार के बावजूद अगले दौर में,लेवांडोवस्की ने मनाया जश्न

**दोहा,01 दिसम्बर 2022।**पोलैंड को फीफा विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में भले ही अर्जेंटीना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन टीम के स्टार खिलाड़ी रोबर्ट लेवांडोवस्की बड़ी मुस्कुराहट के साथ जश्न मनाते हुए मैदान से बाहर निकले। इसका कारण हार के बावजूद पोलैंड का नॉकआउट के लिये क्वालीफाई करना था। पोलैंड ग्रुप सी में गोल अंतर से दूसरे स्थान पर रहा जिससे अब राउंड 16 में उसका सामना रविवार को फ्रांस से होगा। इसी कारण लेवांडोवस्की मैदान में साथी खिलाड़ियों से गले लग रहे थे। हालांकि वह गोल में एक भी शॉट नहीं लगा सके, उन्होंने



कहा, ''आप कह सकते हो कि यह खुशी देने वाली हार है।'' उनके चेहरे पर मुस्कान थी क्योंकि टीम अगले दौर में पहुंच गयी थी। उन्होंने कहा, ''हम जिस तरह से खेले, उससे मैं खुश न हीं हूं। बिलकुल भी नहीं। हम इस मैच से खुश नहीं हो सकते।'' लेवांडोवस्की ने कहा, ''भले ही हम हार गये, लेकिन फिर भी हम खुश हो सकते हैं।'' हार के बावजूद पोलैंड के खिलाड़ियों ने जीत जैसा जश्न मनाया और मैदान पर एक दूसरे के ऊपर पानी की बोतलों से बोछार कीं।

पोलैंड के स्टार खिलाड़ी लेवांडोवस्की की निगाहें अब रविवार को फ्रांस के खिलाफ मुकाबले पर लगी हैं। उन्होंने कहा, ''वह (फ्रांस) विश्व चैम्पियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार हैं और हमारे पास गंवाने के लिये कुछ नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि उनके पास किस तरह के खिलाड़ी हैं लेकिन हमें मैच का लुत्फ उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ करना होगा। फ्रांस के खिलाफ मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा और हमें आज से बेहतर खेल दिखाना होगा।

# बीसीसीआई ने नई क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी का किया गठन

## तीन लोग शामिल,नई चयन समिति चुनने की होगी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2022।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आज बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई की ओर से क्रिकेट सलाहकार समिति की नियुक्ति की गई है। इसको लेकर घोषणा भी कर दिया गया है। क्रिकेट सलाहकार समिति में 3 लोगों को शामिल किया गया है। जिन लोगों को इसमें जगह मिली है उसमें अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक शामिल हैं। इन लोगों पर नई चयन समिति चुनने की जिम्मेदारी होगी। आपको बता दें कि अशोक मल्होत्रा ने भारत की ओर से क्रिकेट खेला है और उन्हें सात टेस्ट और 20 एकदिवसीय मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह पहले भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन के



अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं।

दूसरी ओर परांजपे ने भी चार एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं। सुलक्षणा नाइक को अभी भी ज्यादा इसमें दी गई है। सुलक्षणा नाइक 11 साल के करियर के दौरान भारत के लिए दो टेस्ट, 40 वनडे और 31 टी-20 मुकाबले खेले हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट के चयन समिति को भंग कर दिया गया था। चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति को बर्खास्त किया गया था। अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे को मदनलाल और रूद्र प्रताप सिंह की जगह शामिल किया गया है। चेतन के कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम 2021 में खेले गए टी20 विश्वकप के नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाई थी। इसके अलावा वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी हार गई थी।

# ओडीआई वर्ल्ड कप भारत से के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकते हैं ये पांच खिलाड़ी

## टीम में जगह बनाने के लिए कर रहे संघर्ष

**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2022।** क्रिकेट के लिहाज से 2022 का टी 20 विश्व कप भारत के लिए अच्छा नहीं गया। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम से बहुत ज्यादा उम्मीद थी। लेकिन सेमीफाइनल में हार के बाद टीम इंडिया बाहर हो गई। हालांकि, अब टीम इंडिया 2023 के एकदिवसीय वर्ल्ड कप की तैयारी में जुट गई है। इसको लेकर अब बांग्लादेश दौरे पर टीम इंडिया जा रही है। 4 दिसंबर को पहला वनडे मैच खेला जाएगा। हालांकि, टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन को लेकर कई दावेदार हैं। लेकिन टीम में किसे जगह मिलती हैस यह भी देखने वाली बात है। पर कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो भारत के लिए एकदिवसीय वर्ल्ड कप में ट्रंप कार्ड साबित हो सकते हैं।

**श्रेयस अय्यर-** एकदिवसीय क्रिकेट में श्रेयस अय्यर का रिकॉर्ड शानदार है। उन्हें जब भी मौका मिला है, उनके बल्ले से रन निकले हैं। 36 एकदिवसीय मुकाबले में 1428 रन बना चुके हैं और उनका औसत भी लगभग 50 का है। हालांकि, यह बात सत्य है कि इतनी बढ़िया बल्लेबाजी के बावजूद भी वह टीम से बाहर-भीतर होते रहते हैं।

**सूर्यकुमार यादव-** टी20 क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव का कोई जवाब नहीं है। हालांकि, उन्हें एकदिवसीय में



भी अच्छा खिलाड़ी माना जाता है। लेकिन अब तक एकदिवसीय क्रिकेट में उनके बल्ले से धमाल नहीं हुआ है। लेकिन माना जा रहा है कि वह टीम इंडिया के लिए नंबर 5 के पोजीशन पर एक गेम चेंजर साबित हो सकते हैं जैसा कि एमएस धोनी के समय सुरेश रैना किया करते थे।

**उमरान मलिक-** भारत का यह तेज गेंदबाज अपनी रफ्तार से सभी को हैरान कर रहा है। मलिक के पास 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के ऊपर के गेंदों को फेंकने की क्षमता है। ऐसे में उन्हें एकदिवसीय विश्वकप के लिए ट्रंप कार्ड माना जा रहा है। भारतीय धरती पर विदेशी बल्लेबाजों को वह चकमा दे सकते हैं।

**वाशिंगटन सुंदर-** हाल में ही न्यूजीलैंड में संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में वाशिंगटन सुंदर ने ऑलराउंडर की शानदार भूमिका निभाई थी। कहीं ना कहीं वह हार्दिक पांड्या और रविंद्र जडेजा के विकल्प को पूरा करते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में एकदिवसीय क्रिकेट में उनकी भूमिका काफी अहम हो सकती है। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार खेलने का मौका मिले।

**पृथ्वी शॉ-** छोटे सहवाग के तौर पर देखे जाने वाले पृथ्वी शॉ को वनडे में खेलने का मौका कम ही मिला है। घरेलू क्रिकेट में वह बेहतरीन स्ट्राइक रेट से रन जरूर बनाते हैं। लेकिन टीम इंडिया में चयन की रेस में पिछड़ जाते हैं। हालांकि, एक्सपोर्ट इस बात का दावा लगातार कर रहे हैं कि पृथ्वी शॉ ओपनिंग के लिए भारत के बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

# टाइगर श्रॉफ की अगली फिल्म में सारा की एंट्री!जल्द शुरू होगी शूटिंग

पिछले दिनों खबर आई थी कि टाइगर श्रॉफ मिशन मंगल के निर्देशक जगन शक्ति के साथ एक एक्शन फिल्म में काम करने जा रहे हैं। फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन हीरोइन का नाम सामने नहीं आया था। अब खबर है कि सारा अली खान इस फिल्म से जुड़ गई हैं। इस खबर से बेशक वो दर्शक खुश हो जाएंगे, जो सारा-टाइगर की जोड़ी पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता इस फिल्म में टाइगर के साथ किसी ऐसी हीरोइन की तलाश कर रहे थे, जिसके साथ उनकी जोड़ी पहले कभी नहीं बनी। उनकी यह खोज सारा पर आकर खत्म हुई है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है। 10 दिसंबर से शूटिंग शुरू होने वाली है। जैकी भगनानी फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाल रहे हैं। फिल्म एक्शन के लिहाज से बेहद खास होगी। इसके लिए जैकी स्टंट टीम के लगातार संपर्क में हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में नेगेटिव रोल के लिए अभिनेता की तलाश जारी है। इसमें नायक और खलनायक के बीच जबरदस्त टकराव देखने को मिलेगा। टाइगर की टक्कर के लिए निर्माता कई अभिनेताओं से बातचीत कर रहे हैं। जल्द ही फिल्म के लिए खलनायक का नाम फाइनल होगा। फिल्म की पूरी कास्ट अगले सात दिन में फाइनल हो जाएगी। यह एक एक्शन पैक्ड एंटरटेनर फिल्म है, जो एक मिशन पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग भारत और यूरोप में होगी। शाहरुख खान की फिल्म पठान भी एक्शन से लबरेज होगी। इसके अलावा ऋतिक रोशन फिल्म फाइटर लेकर आ रहे हैं, जिसमें खतरनाक एक्शन दृश्य देखने को मिलेंगे। एन एक्शन हीरो, कृष 4, किक 2 और बागी 4 में भी कलाकार हैरतअंगेज एक्शन करते दिखेंगे।

टाइगर अभिनीत बागी 3 के लिए सारा का नाम चर्चा में था। दर्शक फिल्म में दोनों को साथ देखना चाहते थे, लेकिन फिर इसमें श्रद्धा कपूर की एंट्री हो गई। खबर आई कि सारा ने फिल्म में काम करने से इसलिए इनकार किया, क्योंकि इसमें उनका किरदार कुछ खास नहीं था। उन्हें कुछ समय के लिए स्क्रीन पर आना मंजूर नहीं था। बागी फ्रैंचाइजी की दोनों फिल्मों की तरह बागी 3 ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी।

टाइगर फिल्म गणपत में भी नजर आएंगे। इसमें उनके साथ कृति सैनन लीड रोल में हैं। वह हीरोपंती 2 में दिखाई देंगे। शाहरुख खान की फिल्म जवान में टाइगर मेहमान भूमिका में हैं। इसके अलावा बड़े मियां छोटे मियां भी उनके खाते से जुड़ी है। दूसरी तरफ सारा निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की अगली फिल्म में काम कर रही हैं। फिल्म गैसलाइट भी उनकी आने वाली फिल्मों में शमुार है और द इम्मोर्टल ऑफ अश्वत्थामा में भी उनकी अहम भूमिका है।

# रेड आउटफिट में सांसद नुसरत जहां लगीं बेहद कातिलाना



बंगाली एक्ट्रेस और टीएमसी सांसद नुसरत जहां राजनीतिक करियर के साथ साथ अपने बोल्ड अंदाज के लिए जानी जाती हैं। चाहे राजनीतिक फैंस हो या उनकी बोल्डनेस के दीवाने हो, हर कोई उनकी हॉटनेस का दीवाना बना हुआ है। साथ ही उनकी दिलकश अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपा रही हैं। नुसरत जहां सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस का जलवा बिखेरने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस और टीएमसी सांसद नुसरत जहां रेड आउटफिट में बेहद ही क्लॉसी और ग्लैमरस लग रही हैं। नुसरत जहां जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटाते हैं। नुसरत जहां सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस नुसरत जहां के इंस्टाग्राम पर 2.8 मिलियन फॉलोवर्स हैं। फिल्म जगत से राजनीति में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस नुसरत जहां की ग्लैमरस तस्वीरें आपके दिलों की धड़कनें बढ़ा देंगी। नुसरत का जन्म 8 जनवरी 1990 को कोलकाता शहर में हुआ था। वो एक बंगाली मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखती हैं। नुसरत जहां का एक बच्चा भी हैं। लेकिन, उनकी फिटनेस और खूबसूरती को देखकर कोई इस बात का अंदाजा नहीं लगा सकता है। नुसरत जहां ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की।

# अदिवी शेष की फिल्म हिट:द सेकेंड केस हिंदी में भी आएगी

साउथ के लोकप्रिय अभिनेता अदिवी शेष पिछली बार फिल्म मेजर में नजर आए। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही।





फिल्म में अदिवी का काम दर्शकों को बेहद पसंद आया। इसके बाद से ही दर्शक उनकी अगली फिल्म हिटः द सेकेंड केस का इंतजार कर रहे हैं। अब अदिवी ने साफ कर दिया है कि उनकी यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी, जो उनके हिंदीभाषी प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी है। आइए जानते हैं अदिवी ने क्या कहा।

उन्होंने कहा, पहले इसे हिंदी में लाने का हमारा कोई इरादा नहीं था, लेकिन जब भी हमने फिल्म से जुड़ा कोई टीजर या पोस्टर शेयर किया तो लोगों ने इसे हिंदी में रिलीज करने की भी मांग की। अदिवी के मुताबिक, लोगों का प्यार देख उन्होंने तेलुगु वर्जन की रिलीज के एक हफ्ते बाद फिल्म को हिंदी में डब करने का फैसला किया।

जब से हिटः द सेकेंड केस का ट्रेलर रिलीज हुआ है, इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ गया है। ट्रेलर में श्रद्धा मर्डर केस जैसी कहानी दिखाई गई, जिसके चलते सोशल मीडिया पर इसकी जमकर चर्चा हुई। ट्रेलर लोगों को खूब पसंद आया। अदिवी इस फिल्म में पुलिस अफसर की भूमिका में हैं। वह इसमें एक लड़की के हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते दिखेंगे। शैलेष कोलानू के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

2 दिसंबर को सिनेमाघरों में तीन मराठी फिल्में एकदम कड़क, बाल भारती और गोष्ट एक पैठनिचि, पंजाबी फिल्म स्नोमैन और गुजराती फिल्में भगवान बचावे व धमन दस्तक देंगी। कन्नड़ भाषा की छह फिल्में और हिंदी फिल्म एन एक्शन हीरो भी इसी दिन आ रही है। हिटः द सेकेंड केस 2020 में आई फिल्म हिटः द फर्स्ट केस का सीक्वल है। इस फिल्म के निर्देशन भी शैलश कोलानू थे। फिल्म में विश्वक सेन और रुहानी शर्मा थीं। 6.2 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 18 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसी नाम से फिल्म का हिंदी रीमेक भी बन चुका है, जिसमें अभिनेता राजकुमार राव ने मुख्य भूमिका निभाई। यह इसी साल जुलाई में दर्शकों के बीच आया। अदिवी साउथ के चर्चित अभिनेता, निर्देशक और स्क्रीनराइटर हैं। उन्होंने 2010 में फिल्म करमा से बतौर अभिनेता और निर्देशक अपना करियर शुरू किया था। वह कई सफल तेलुगु फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। मेजर उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है, जो हिंदी में भी रिलीज हुई और दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरी। फिल्म में मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन को अदिवी ने बखूबी पर्दे पर उतारा। यह फिल्म इस साल 3 जून को रिलीज हुई थी।



















CMYK

# आरक्षण विधेयक हेतु सत्ता और विपक्ष कमर कसकर तैयार

» आज विधेयक सदन में होगा पेश

» राज्य में नये कोटे पर भड़का विपक्षःआरक्षण विधेयक पर लाएंगे संशोधन प्रस्ताव,एसी को 16प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस को 10 प्रतिशत देने की मांग




रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। विशेष सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन विधेयक 2022 को पेश करने वाले हैं।
इसके साथ ही शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक को भी पेश किया जाएगा। सरकार की योजना इन विधेयकों पर दिन भर की चर्चा के बाद पारित कराने की है। इस विधेयक में आदिवासी वर्ग-एसटी को 32प्रतिशत, अनुसूचित जाति-एससी को 13प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग-ओबीसी को 27प्रतिशत आरक्षण का अनुपात तय हुआ है। सामान्य वर्ग के गरीबों को 4त्न आरक्षण देने का भी प्रस्ताव है। इसको मिलाकर छत्तीसगढ़ में 76त्न आरक्षण हो जाएगा।
छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्गों के खत्म हो चुके आरक्षण को बहाल करने के लिए सरकार दो नये विधेयक ला रही है। इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र आज गुरुवार से शुरू हो चूका है। लेकिन संयुक्त विपक्ष को सरकार की ओर से तय आरक्षण का नया कोटा मंजूर नहीं है।
जबकि कांग्रेस की सोची हुई प्लानिंग के मुताबिक विधेयक के पारित होते ही सभी जिला, शहर, नगर, ब्लाक कमेटियों के तहत आ रहे मतदान केन्द्रों और बूथों पर जश्न होगा। पटाखे फोड़कर मिठाई बांटी जाएगी। दो दिसंबर को प्रदेश सरकार अनुसूचित जनजातियों को उनके आबादी के अनुपात में 32त्न, अनुसूचित जाति को 13त्न, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27त्न और सामान्य वर्ग के गरीबों को 4त्न आरक्षण देने जा रही है।

## मंडावी और पटेल को सदन ने दी श्रद्धांजलि

» मजबूत जननेता थे मनोज

» उत्कृष्ट विधायक थे दीपक





छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन गुरुवार को दिवंगत उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी तथा पूर्व सदस्य दीपक पटेल को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वर्गीय मनोज मंडावी व दीपक पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मनोज मंडावी धार्मिक व्यक्ति थे। कर्मठ जननेता थे। उन्होंने विधानसभा उपाध्यक्ष रहते हुए अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। छत्तीसगढ़ राज्य की पहली सरकार में राज्यमंत्री के रूप में उन्होंने काफी काम किए। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक दीपक पटेल को जनता के लिए समर्पित नेता बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने स्वर्गीय मंडावी तथा स्वर्गीय पटेल के साथ के अनुभव का वर्णन करते हुए कहा कि मनोज मंडावी समर्पित नेता थे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने स्वर्गीय मंडावी को बस्तर ही नहीं छत्तीसगढ़ का बड़ा नेता बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दीपक पटेल का स्मरण करते हुए कहा कि वे उत्कृष्ट विधायक थे।
मंत्री टीएस सिंहदेव ने दोनों दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। मंत्री कवासी लखमा ने स्वर्गीय मंडावी को आदिवासी समाज का समर्पित नेता बताया। मंत्री अमरजीत भगत, भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर, कांग्रेस सदस्य मोहन मरकाम, शैलेश पांडेय ने भी दोनों दिवंगत नेताओं को याद करते हुए संस्मरण व्यक्त किये। इसके बाद मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा कुछ समय के लिए कार्यवाही स्थगित की गई।





## पॉवर ट्रांसमिशन की एमडी उज्जवला बघेल हुईं सेवानिवृत्त

रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। छग स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी उज्वला बघेल कल सेवानिवृत्त हो गईं। चूंकि उनके कार्यकाल का लगभग 5 माह अभी बाकी है, इसलिए शासन ने उनकी सेवा अवधि बढ़ा दी है।
छग शासन ऊर्जा विभाग के उप सचिव मनोज कोशले के हस्ताक्षर से जारी आदेश में उल्लेख है कि उज्वला बघेल ने 04/05/2022 को छग स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में बतौर संचालक एवं प्रबंध संचालक पदभार ग्रहण किया था। वे कल ही याने 31 नवंबर को सेवानिवृत्त हुई हैं। इसके उपरांत शासन द्वारा विधिसम्मत समस्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उज्जवला बघेल को अस्थाई रूप से 04/05/2022 में निहित शेष अवधि एवं शर्तों के अंतर्गत छग स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में बतौर संचालक एवं प्रबंध संचालक पदस्थ किया गया है।
गौरतलब है कि स्टेट पावर कंपनी में एमडी के पद पर केवल एक वर्ष के लिए ही नियुक्ति का प्रावधान है, इसलिए उज्जवला बघेल के सेवानिवृत्ति के बाद भी पूरे एक वर्ष तक इसी पद पर बने रहने का फैसला राज्य शासन ने लिया है।

## सत्यनारायण शर्मा को अस्पताल में कराया गया भर्ती



रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। कांग्रेस के सीनियर विधायक सत्यनारायण शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि उनकी तबीयत अभी ठीक है। शुगर लेवल हाई होने की वजह से उन्हें कुछ परेशानी हो रही थी. जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। वहीं उनकी तबीयत भी अब सामान्य बनी हुई है। सत्यनारायण शर्मा को कल अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। कांग्रेस वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा को रायपुर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रायपुर पुलिस की मुस्तैदी,साइको किलर हुआ गिरफ्तार

**समलेश्वरी एक्सप्रेस से भागने की फिराक में था आरोपी**

रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। छत्तीसगढ़ को दहलाने वाले तनु हत्याकांड के आरोपी सचिन अग्रवाल को रायपुर पुलिस ने चलती ट्रेन में धरदबोचा। बता दें कि कोरबा छत्तीसगढ़ की 26 वर्षीय तनु कुर्रे राजधानी रायपुर के मोवा स्थित एक्सिस बैंक के सेल्स टीम में काम करती थी।
21 नवंबर को बैंक से सचिन अग्रवाल के साथ निकली जिसके बाद 24 नवंबर को ओड़िशा के बलांगिर जिले के तुरईकेला इलाके के जंगलों में पुलिस को एक अज्ञात युवती की अधजली लाश मिली। इस लाश की पहचान के लिए छत्तीसगढ़ समेत पड़ोसी राज्यों में पतासाजी की गई। जिसके बाद रायपुर पुलिस ने अज्ञात लाश व तनु कुर्रे की जानकारियों की समानता को देखते हुए परिजनों को लेकर तत्काल ओड़िशा पहुँची जहां परिजनों ने अज्ञात शव की पहचान तनु के रूप में की।





**सीसीटीवी से खुला राज**

रायपुर पुलिस ने गुमशुदगी मामले में तनु की तलाश कर ही रही थी। इसी दौरान टोल पर लगे सीसीटीवी में तनु अपने दोस्त सचिन अग्रवाल के साथ ओड़िशा जाते नजर आई। जिसके बाद पुलिस का शक सचिन अग्रवाल पर गहरा गया। इससे पहले की छत्तीसगढ़ पुलिस तनु तक पहुंचती उससे पहले ही साइको किलर सचिन अग्रवाल ने तनु को गोली मार हत्या कर दी। इतना ही नहीं तनु की पहचान छुपाने के लिए लाश पर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया।

**चलती ट्रेन से किया गिरफ्तार**

फिलहाल रायपुर पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी सचिन को समलेश्वरी एक्सप्रेस से गिरफ्तार कर लिया गया है। ओड़िशा पुलिस इस मामले की पूछताछ कर रही है।

## भूख हड़ताल में बैठे 'गांधी' पर बेल्ट से हमला



**शराब दुकान हटाने को लेकर कर रहे प्रदर्शन**

बिलासपुर ,01 दिसम्बर 2022 (ए)।प्रदेश के न्यायधानी में महात्मा गांधी का वेशभूषा लिए प्रदर्शन में बैठे युवक पर हमला किया गया है। जिसके बाद आक्रोशित महिलाओं ने मारपीट करने वाले युवक को सबक सिखाने पर अड़े रहे । फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।
जानकरी के अनुसार बिलासपुर नगर निगम के सरकंडा क्षेत्र में स्कूल के 50 मीटर के दायरे में शराब दुकान संचालित है। शराब दुकान को हटाने के लिए पिछले 6 दिनों से लोग भूख हड़ताल कर रहे है। क्योंकि शराब दुकान के कारण चौक में चखना दुकान लगता है और शराब और शरारती तत्वों की भीड़ जुटी रहती है। इसके चलते आए दिन मारपीट, चाकूबाजी के साथ ही छेड़खानी जैसी घटनाएं होती रहती है। वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है। लिहाजा, मोहल्लेवाले शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं।
इसी कड़ी में महात्मा गांधी की वेशभूषा में शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता संजय आयल सिंघानी को बेल्ट से पिता गया है। दरअसल संजय गुरुवार की सुबह धरना स्थल पर बैठकर धूप सेक रहे थे तभी बाइक में सवार युवक आये और संजय से बात करने लगे। बात करते-करते उसने अचानक बेल्ट निकालकर उनकी पिटाई शुरू कर दी, जिसे देखकर मोहल्ले की महिलाएं दौड़ते आईं और बीच-बचाव किया। इसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।




## जनवरी के पहले हफ्ते होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र,जल्द जारी होगी अधिसूचना

रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। विधानसभा का शीतकालीन सत्र जनवरी के पहले हफ्ते में आयोजित होगा। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस बारे में आज चर्चा हुई। दोनों ही पक्षों की सहमति के बाद शीतकालीन सत्र कराने का निर्णय लिया गया है। यह सत्र तीन से पांच दिन का हो सकता है।
जल्द ही शीतकालीन सत्र का नोटिफिकेशन आ जाएगा। बता दें कि कि आरक्षण के संबंध में चर्चा के लिए विशेष सत्र के आयोजन के साथ ही सरकार की ओर से अन्य शासकीय कार्य और अनुपूरक बजट भी लाया गया। इसे लेकर विपक्ष की ओर से आपत्ति जताई गई है। मीडिया में भी ऐसी खबरें आई कि अनुपूरक बजट पेश होने के बाद संभवतः अब शीत सत्र का आयोजन नहीं किया जाएगा। विशेष सत्र के पहले दिन जब कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, तब भी यह बात उठी। आखिरकार यह निर्णय लिया गया कि शीतकालीन सत्र का आयोजन किया जाएगा।

# चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार



रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस को चिटफंड कंपनी साईं प्रसाद लिमि. के आरोपी डायरेक्टर शशांक बी भास्कर को गिरफ्तार करने में मिली सफलता। आरोपी डायरेक्टर शशांक बी भापकर को पुणे महाराष्ट से किया गया गिरफ्तार। पुलिस टीम द्वारा लगातार 08 दिनों तक पुणे महाराष्ट मे कैम्प कर पकड़ा गया। आरोपी डायरेक्टर द्वारा विभिन्न समयावधि में दोगुना राशि देने का झांसा देकर कराया गया था राशि जमा।चौकी लवन में चिटफंड कंपनी के विरुद्ध ₹6,75,058 का एफआईआर किया गया था दर्ज। कलेक्टर कार्यालय में पूरे जिले से इस चिटफंड कंपनी से कुल 21,684 आवेदन में लगभग ₹84,75,30,217 रकम वापसी के लिए किया गया है आवेदन। चिटफंड कंपनीसाईं प्रसाद लिमिटेड के विरुद्ध संपूर्ण छत्तीसगढ़ में है कुल 19 एफआईआर दर्ज। आरोपी- शशांक बी. भापकर पिता बाला साहेब बी भापकर उम्र 33 वर्ष निवासी सुकवानी उद्यान इतवारी लिंक रोड चिन्चवुड जिला पुणे महाराष्ट्र।



## नक्सलियों के डॉक्टर ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा ,01 दिसम्बर 2022 (ए)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से लाल आतंक की कमर तेजी से टूटती जा रही है. जांबाज जवानों के आगे लगातार खूंखार नक्सली घुटने टेक रहे हैं. नक्सली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से घबराहट में आ गए हैं. एक के बाद एक पुलिस के सामने हथियार डाल रहे हैं. इसी कड़ी में सुकमा में सीआरपीएफ 74 वाहिनी और जिला पुलिस बल को बड़ी सफलता मिली है. दो लाख इनामी और नक्सलियों के बटालियन नंबर वन में डॉक्टर के पद में कार्य कर चुके नक्सल आरोपी सहित दो ने आत्मसमर्पण किया है.
पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान और शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है. नक्सलियों की नसबंदी और घायल बीमार नक्सलियों का उपचार करता था. आत्मसमर्पित नक्सली नक्सली बटालियन के टॉप डॉक्टर कमांडर के पद पर कार्यरत था. आत्मसमर्पित नक्सल आरोपियों ने भरमार बंदूक के साथ सुकमा एसपी सुनील शर्मा और सीआरपीएफ 74 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी के सामने आत्मसमर्पण किया है.

## छत्तीसगढ़ पावर जेनरेशन कंपनी के एमडी बने संजीव कटियार



रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। छत्तीसगढ़ शासन ने संजीव कुमार कटियार को पावर जेनरेशन कंपनी का नया एमडी बनाया है। अब तक यह पद एन के बिजौरा संभाल रहे थे।
ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कोरबा पश्चिम एचटीपीएस के ईडी संजीव कुमार कटियार को निदेशक एवं प्रबंध निदेशक के पद नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने के एक साल तक के लिए की गयी है।

## बड़ी संख्या में हुआ शिक्षकों का ट्रांसफर




रायपुर,01 दिसम्बर 2022 (ए)। प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में बड़ी संख्या में तबादला किया गया हैं। इनमें कुछ के तबादले निरस्त भी हुए हैं। खास बात यह है कि एक सभी के आदेश अलग-अलग निकाले गए हैं। शिक्षक एलबी, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों सहित कई कर्मियों के ट्रांसफर आदेश जारी हुए हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)